

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-31 | सीहोर, सोमवार 17 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## तेजप्रताप का पुलिसकर्मी से ठुमके लगवाने का मामला पकड़ा तूल, सिपाही पर गिरी गाज



पटना (आरएनएस)। बिहार में विधायक तेज प्रताप यादव का होली समारोह में पुलिसकर्मी को ठुमके लगवाने का मामला अब तूल पकड़ लिया है। इस बीच, वर्दी में ठुमके लगाने वाले पुलिसकर्मी पर अब गाज गिरी है।

पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने वर्दी में डांस करने वाले पुलिसकर्मी को विधायक तेज प्रताप यादव की सुरक्षा से हटा दिया है।

पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल विधायक तेज प्रताप यादव के कहने पर अंगरक्षक (सिपाही) दीपक कुमार के डांस (नाचने) एवं इनके द्वारा आम स्थान पर वर्दी में नाच (डांस) करने की बात संज्ञान में आने पर, अंगरक्षक सिपाही दीपक कुमार को पुलिस केंद्र, क्लोज कर उनके स्थान पर दूसरे सिपाही को अंगरक्षक में प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया गया।

इधर, इस मामले के तूल पकड़ने पर तेजप्रताप ने नाराजगी भी जाहिर की है। उन्होंने इसके लिए कुछ मीडिया को भी दोषी बताया है। तेज प्रताप यादव ने 'एक्स' पर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, बुरा न मानो होली है आपसी भाईचारे के इस पर्व को भी भाजपा और आरएसएस के साथ ही इनकी कुछ मीडिया ने होली में आज नफरत का एक नया रंग दे दिया है। उन्होंने आगे लिखा, पुलिस वाले भाई हो या कोई विरोधी दल के नेता, सबसे भाईचारे और उत्साह के साथ बुरा न मानो होली पर्व मनाने पर भी सियासत करना ही इनका धर्म बन चुका है। देश की जनता जल्द इनको सबक सिखाएगी। इस बीच, नियमों का उल्लंघन करने और यातायात कानून तोड़ने को लेकर ट्रैफिक विभाग ने कार्रवाई करते हुए तेज प्रताप यादव के वाहन का चालान काटा है।

उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप यादव बिना हेलमेट के एक स्कूटी पर सीएम हाउस के पास घूम रहे थे। ट्रैफिक विभाग ने बिना हेलमेट के लिए यह चालान काटा है।

बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से तेज प्रताप यादव चल रहे थे, उसका इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी फेल था। इसलिए तेज प्रताप यादव के वाहन का 4000 रुपये का चालान काटा गया है।

## 'ट्रंप के साथ भरोसे का रिश्ता, रूस-यूक्रेन जंग का हल कूटनीति से'; चीन पर भी बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी पॉडकास्ट होस्ट लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट में पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों पर भी चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि उनके और ट्रंप के बीच आपसी विश्वास का एक मजबूत बंधन है। वहीं ट्रंप के दूसरे कार्यकाल पर बात करते हुए पीएम ने कहा- राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पहले से ज्यादा तैयार और संगठित हैं। उन्होंने कहा- 'ट्रंप के पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण और एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना है, जो उनके लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करेगी '। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में अमेरिका दौरे के दौरान उन्होंने ट्रंप की टीम से मुलाकात की, जिसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी और एलन मस्क जैसे लोग शामिल थे।

**'हाउडी मोदी ' कार्यक्रम की यादें**

पीएम मोदी ने सितंबर 2019 में ह्यूस्टन में आयोजित 'हाउडी मोदी ' कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि ट्रंप ने पूरी विनम्रता से दर्शकों के बीच बैठकर उनका भाषण सुना। 'यह अमेरिका के राष्ट्रपति की विनम्रता को दर्शाता है। वह दर्शकों के बीच बैठे और मेरा भाषण सुना, यह उनके शानदार व्यक्तित्व का परिचायक था '।

**जब ट्रंप ने सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर दिया साथ**

इस दौरान पीएम मोदी ने एक दिलचस्प किस्सा साझा किया कि कैसे उन्होंने ट्रंप से स्टेडियम में दर्शकों के बीच जाने का सुझाव दिया और ट्रंप ने बिना किसी झिझक तुरंत सहमति दे दी।

## धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता, अंतरिक्ष से आया जश्न मनाने का VIDEO



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।

इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

**NASA: अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा क्रू-10 मिशन, जानिए सुनीता विलियम्स और विल्मोर कब होंगे धरती के लिए रवाना**

माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा।

विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं।

## आप सरकार के 3 साल हुए पूरे, पंजाब में सीएम बदलने को लेकर केजरीवाल ने की सबकी बोलती बंद



अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार को आज 3 साल पूरे हो गए है। जिसके बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान दरबार साहिब में नतमस्तक हुए।

इस मौके केजरीवाल ने कहा कि भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर 5 साल पूरे करेंगे और अगले 5 साल भी यही मुख्यमंत्री रहेंगे। केजरीवाल ने कहा कि हमें पंजाब में लोगों को इंसाफ दिलाने के साथ-साथ गरीबों की सेवा करनी है। नशा और भ्रष्टाचार खत्म करना है। इसके लिए हम गुरुओं का आशीर्वाद लेने आए हैं। वहीं, सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग चल रही है। हमने 52 हजार नौकरियां दीं।

## राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने प्रख्यात ओड़िया कवि रमाकांत रथ के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात ओडिया कवि पद्म भूषण रमाकांत रथ के निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि रमाकांत रथ भारतीय साहित्य जगत की एक प्रमुख विभूति थे। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रख्यात कवि रमाकांत रथ जी के निधन के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है। रमाकांत रथ भारतीय साहित्य जगत की एक प्रमुख विभूति थे। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ओडिया साहित्य में अपने चिरस्मरणीय योगदान द्वारा उन्होंने अखिल भारतीय साहित्य को समृद्ध किया है। मैं उनके शोक संतप्त परिवारजनों और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

## राजगढ़ अंचल में स्थापित होंगे 500 करोड़ की लागत से नए उद्योग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

>>> 275 किमी लंबी रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन से बढ़ेगी मध्यप्रदेश-राजस्थान की कनेक्टिविटी
>>> मुख्यमंत्री ने 40.62 करोड़ रूपये के शौर्य स्मारक और जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण
>>> राजगढ़ में 12.83 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन



भोपाल (निप्र)। डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजगढ़ में लगभग 500 करोड़ के निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में राजधानी भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश में 30 लाख करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश का प्रत्येक अंचल लाभान्वित होगा। स्कूलों में शिक्षकों के पदों सहित पुलिसकर्मियों के रिक्त पदों की पूर्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजगढ़ जिला अस्पताल के बाद शीघ्र मेडिकल कॉलेज की सौगात भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पौने तीन सौ किलोमीटर लंबी रामगंज मंडी से भोपाल तक की रेल लाइन की सौगात इस क्षेत्र को मिल रही है। विकास का कारवां निरंतर चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, खाद्य प्र-संस्कृत इकाई योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजगढ़ में शौर्य स्मारक जिला अस्पताल के लोकार्पण और रैन बसेरा भवन, नए विद्यालय भवन और विधि महाविद्यालय के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना, उज्जवला रसोई गैस योजना, निःशुल्क अन्न वितरण सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में विकास का यज्ञ चल रहा है। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड प्रारंभ किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी जमीन न बेचें। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो सिंचाई परियोजना से इस अंचल का बड़ा इलाका लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदी जोड़ों परियोजना से राजगढ़ क्षेत्र का भूगोल और भाग्य दोनों बदलेंगे। दो दशक पहले यहां सूखे की गंभीर समस्या थी। गत दो दशक से विकास की गति बढ़ी है। आने वाले समय में इस क्षेत्र का तीव्र विकास होगा।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह मिजोरम के आइजोल में मानचित्रों के औपचारिक आदान-प्रदान के साथ-साथ असम राइफल्स बटालियन की भूमि को मिजोरम सरकार को हस्तांतरित के अवसर पर एक उनका दृश्य।

## महाराष्ट्र : लातूर में बांग्लादेशियों का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र घोटाला सामने आया, किरीट सोमैया ने किया उजागर

लातूर (आरएनएस)। महाराष्ट्र में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के फर्जी प्रमाण पत्र बना कर रहने का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र के लातूर में बांग्लादेशियों के जन्म प्रमाणपत्र घोटाला सामने आया है। नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लातूर में बांग्लादेश जन्म प्रमाण पत्र घोटाले के संबंध में भाजपा नेता किरीट सोमैया ने वीडियो बयान में कहा, आरोप है कि इन सभी ने फर्जी आधार कार्ड, नकली दस्तावेज और झूठे शपथ पत्रों का इस्तेमाल करके भारत में जन्म प्रमाणपत्र हासिल किया।




## पंजाब के जालंधर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड हमला, पाकिस्तान डॉन ने ली जिम्मेदारी

जालंधर (आरएनएस)। जालंधर के रायपुर रसूलपुर में एक यूट्यूबर के निवास स्थान पर ग्रेनेड से हमला किया गया है। प्रभावित घर को हिंदू विचारधारा से जोड़ा जा रहा है, जबकि यूट्यूबर पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। पाकिस्तानी डान शहजाद भट्टी ने एक वीडियो जारी करते हुए दावा किया कि इस हमले के पीछे उनका हाथ है। वीडियो में उसने कहा कि हमला इसलिए किया गया क्योंकि किसी ने इस्लाम और काबा का अनादर किया था। भट्टी ने कहा कि यदि हमले का निशाना बना व्यक्ति बच गया तो भविष्य में और भी हमले किए जाएंगे।


भट्टी ने वीडियो में अपने सहयोगियों के नाम भी लिए, जिनमें एक व्यक्ति का उल्लेख है जिसे जीशान उर्फ़ जैसी पुरेवाल के नाम से जाना जाता है, जिस पर बाबा सिद्दीकी की हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। इसके अलावा, उन्होंने एक अन्य व्यक्ति हैप्पी पसिया का भी धन्यवाद किया, जिनका संबंध खालिस्तानी आतंकवादी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। वीडियो में कहा गया कि हमले में कुल पाँच व्यक्तियों की भागीदारी रही है।

वीडियो में भट्टी ने पुलिस से अपील की है कि यदि अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे और अधिक हिंसा का बीड़ा फैलाएंगे।

## काउंटर-टेररिज्म पर अंतरराष्ट्रीय मंथन, पहली बार सह-अध्यक्षता करेगा भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। आतंकवाद के खिलाफ भारत में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठक होने जा रही है। इस दौरान विभिन्न देश काउंटर टेररिज्म पर मंथन करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह 'आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस' के एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप (ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक है। काउंटर टेररिज्म पर होने वाली यह बैठक 19 से 20 मार्च, 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित होगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह पहली बार है जब भारत एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप में काउंटर-आतंकवाद की सह-अध्यक्षता करेगा। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और मलेशिया करेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए आसियान के 10 सदस्य देशों के डेलिगेशन भारत आ रहे हैं। इनमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, वियतनाम, सिंगापुर और थाईलैंड शामिल हैं।



वहीं, आठ संवाद भागीदार यानी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों के साथ ही टिमोर-लेस्ते और आसियान सचिवालय के सदस्य भी इसमें भाग लेंगे। 19 मार्च को भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य भाषण देंगे।

यह बैठक 2024-2027 के वर्तमान चक्र के लिए काउंटर-आतंकवाद पर एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप की गतिविधियों का पहला सत्र होगी। इस बैठक में आतंकवाद और उग्रवाद के विकसित हो रहे खतरों से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य आसियान और इसके संवाद भागीदारों के रक्षा बलों के अनुभवों को साझा करना है। 2024-2027 के वर्तमान चक्र के लिए यह कार्यक्रम योजनाबद्ध गतिविधियों, अभ्यासों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं की नींव रखेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस, भागीदार देशों की रक्षा संस्थाओं के बीच व्यावहारिक सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में यह सात प्रमुख सहयोग क्षेत्रों पर केंद्रित है। इनमें काउंटर-टेररिज्म, समुद्री सुरक्षा, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन, शांति रक्षा अभियान, सैन्य चिकित्सा और साइबर सुरक्षा शामिल हैं। इन क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप स्थापित किए गए हैं। हर एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप की सह-अध्यक्षता एक आसियान सदस्य देश और एक संवाद भागीदार द्वारा की जाती है, जो तीन साल के चक्र में काम करता है।

## पानी टंकी में दो शव मिलने से फैली सनसनी

बैतूल (आरएनएस)। जिला मुख्यालय पर स्थित बैतूल ऑयल मिल के दो कर्मचारियों के शव पानी के टंकी में मिलने से सनसनी फैल गई। देर रात घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन सहित कर्मचारियों के परिजन ऑयल मिल पहुंचे। कर्मचारियों के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। दोनों ही कर्मचारियों की मौत कैसे हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस कर्मचारियों के शव का पीएम करवा रही है और जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि आखिरकार दोनों कर्मचारियों की मौत कैसे हुई है? बता दें कि बैतूल ऑयल मिल में सोयाबीन रिफाइंड कर खाद्य तेल बनाने और पैकेजिंग का कार्य किया जाता है। बैतूल ऑयल मिल के मैनेजर (एचआर) अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती देर शाम मशीनों को ऑपरेट करने वाले दयाराम नरवरे और कैलाश पानकर के मिल में दिखाई नहीं देने पर उनकी तलाश की गई, दोनों के शव पानी टंकी में मिले थे।





# जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी प्रतिबद्ध है सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## >>> मुख्यमंत्री ने भिंड स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण का किया शिलान्यास

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी कार्य कर रही है। विश्व में भारत की पहचान हमारे आध्यात्मिक विचारों तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत को व्यवहार में क्रियान्वित करने से निर्मित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को राजकीय विमानतल भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासों में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में, जीवन के सभी क्षेत्रों में गौरव अर्जित कर रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा के आध्यात्मिक तेज के साथ-साथ विश्व में देश की साख और धाक बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश में दूध उत्पादन के साथ-साथ दूध के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन पर गौ-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। गौ-शालाओं को दिए जा रहे अनुदान को भी बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का स्थान भारत में तीसरा है, हमारा प्रयास प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने का है। दूध पर 5 रूपए प्रति लीटर बोनस की व्यवस्था की जाएगी, इससे कृषकों की आय बढ़ेगी और समाज सम्पन्न होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरासों में बनाए जाने वाले स्कूल, कॉलेज, अस्पताल सहित अन्य जनकल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी विशेष नवाचार किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरासों के ऐतिहासिक,



पुरातात्विक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। भिंड के बरासों में आयोजित कार्यक्रम को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, दिगम्बर संत आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज, परम पूज्य रामदास जी महाराज ने भी संबोधित किया। मंत्री श्री शुक्ला ने यहां बनने वाली गौ-शाला, विद्यालय और अस्पताल आदि के लिए दान देने वाले दानदाताओं तथा अन्य सहयोगियों का आभार माना। आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ने कहा कि सात्विक, सदाचारी, शाकाहारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में गतिविधियों का विस्तार हुआ है।

## वकीलों ने की गुंडागर्दी!, पुलिस के साथ राह चलती जनता को भी पीटा, इंदौर में मचा खूब बवाल

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर से बड़ी खबर है. यहां वकीलों ने सड़क पर हाईवोल्टेज ड्रामा किया. दो घंटे तक गुंडागर्दी करते रहे. पुलिस को पीटा. इस दौरान सड़क से आने-जाने वाले आम लोगों की भी पिटाई की गई. वहीं, हाईकोर्ट चौराहे पर चक्का जाम रहा है. जाम की वजह से लोग काफी देर तक परेशान हुए. घंटों दूर तक वाहनों की कतारे लगी रहीं. बता दें, परदेशीपुरा पुलिस द्वारा होली के दिन वकील के ऊपर दर्ज किए गए एक प्रकरण के विरोध में शनिवार को वकील हंगामा कर रहे हैं. डीसीपी आनंद यादव की गाड़ी रोकी गई. इस दौरान वकीलों का पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश देखा गया. बीते दिन वरिष्ठ अधिवक्ता और उनके परिवार के साथ पुलिस बल द्वारा की गई मारपीट के बाद परदेसी पुरा थाने का घेराव किया गया. थाने के घेराव के बाद इसके विरोध में उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, जिला न्यायालय अभिभाषक संघ,परदेशीपुरा जैन समाज,सकल दिगंबर जैन समाज,परदेशीपुरा रहवासी संघ लगातार इंदौर के हाई कोर्ट चौराहे पर चक्का जाम कर रहे हैं. उनका कहना है कि जब तक पुलिस कमिश्नर खुद आकर अपना फैसला नहीं सुनाते हैं, और जिस पुलिसकर्मी पर आरोप लगाया गया है. उसे सस्पेंड करने का आदेश नहीं देते हैं, तब तक इसी प्रकार का चक्का जाम जारी रहेगा।



## मम्मा शब्द से सुरेंद्रनाथ सिंह को अपनेपन का होता था अहसास, समता चौक पर लगेगी प्रतिमा : आलोक शर्मा

### -स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ सिंह को कार्यकर्ताओं, व्यापारियों ने नम आंखों से किए श्रद्धासुमन अर्पित





भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ सिंह की श्रद्धांजलि सभा जन्मजयंती (होली) के दिन आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों ने नम आँखों से याद किया।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा ने स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि न्यू मार्केट स्थित समता चौक पर स्वर्गीय सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। स्वर्गीय श्री सुरेंद्र नाथ सिंह ने भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को हवन एवं भंडारे के साथ लंबे समय से कर रहे थे अब हम सब मिलकर पार्टी का स्थापना दिवस इसी समता चौक पर हमेशा करते रहेंगे। स्वर्गीय सुरेंद्र नाथ सिंह अपने कार्यकर्ताओ के साथ समता चौक पर बैठा करते थे। समता चौक की पहचान स्वर्गीय सिंह से ही जानी जाती है। उनकी पहचान हमेशा पार्टी को आगे बढ़ाने और नए कार्यकर्ताओं को गढ़ने की रही है। भोपाल के कार्यकर्ता उनको स्नेह से ''मम्मा'' कहकर बुलाते थे। इस शब्द से स्वर्गीय सुरेन्द्रनाथ सिंह को अपनत्व का अहसास होता था। वे हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ खड़े नजर आते थे। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ सिंह ने ही मुझे राजनीति मे आगे बढ़ने में मदद की। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं का चला जाना बहुत ही दुखद है। उनके बताएं मार्ग पर चलकर सभी कार्यकर्ता भाजपा को और आगे बढ़ायेंगे।

स्वर्गीय श्री सुरेंद्रनाथ सिंह मम्मा की श्रद्धांजलि सभा में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री दीपक जोशी, सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सांसद आलोक संजर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास विरानी, वरिष्ठ नेता अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष सतीश विश्वकर्मा, रविंद्र अवस्थी, आशुतोष तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, पार्षद पप्पू विलास, प्रकाश मीरचंदानी, दिनेश पांडे, पुष्पेंद्र जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, निखिलेश मिश्रा संतोष मीणा, सुरेंद्र सिंह बैंस, महेश जोशी, संतोष ठाकुर, विनय पांडे, जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा, सीताराम इंगोले धारू सेठ, महेंद्र दवे, आनंद पाराशर, वरिष्ठ फोटोग्राफर अजय सोलंकी, सिद्धार्थ सोनवाने, संजय यादव, राजीव भाई, जगदीश भाई, मोहम्मद अंसार सहित जिले के सैकड़ां कार्यकर्ता एवं समता चौक के व्यापारी बंधुओं ने अपने नेता को नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## मऊगंज दुर्घटना में प्राणोत्सर्ग करने वाले एएसआई स्व. गौतम को दिया जाएगा शहीद का दर्जा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता और पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) श्री रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा, आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम की कर्तव्य परायणता और उनका बलिदान चिर-स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायलों के इलाज के लिए यथा योग्य व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

### टीकाकरण, बच्चों की गंभीर बीमारियों से सुरक्षा कर बढ़ाता है उनकी इम्युनिटी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ बचपन, सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर उत्तम स्वास्थ्य और स्वस्थ भारत के लिए टीकाकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति के लिए सहभागिता करने का संकल्प लेने का आव्हान किया है।

## MP सरकार फिर लेगी कर्ज, जीतू पटवारी ने उठाए सवाल, बोले-कर्ज से मंत्रियों के बंगले चमकाने का हो रहा काम



भोपाल (निप्र)। प्रदेश सरकार योजनाओं को संचालित करने के लिए लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है। सरकार 19 मार्च को फिर 6 हजार करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। रंग पंचमी के दिन एमपी सरकार इस साल में तीसरी बार बाजार से कर्ज लेगी। प्रदेश में बढ़ रहे कर्ज को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार सरकार को घेर रहे हैं और सवाल खड़े कर रहे हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कर्ज से जनहित के काम नहीं किए जा रहे हैं बल्कि मंत्रियों के बंगले सुधारे जा रहे हैं। मध्य प्रदेश से ऐसा राज्य है, जहां जब बच्चा पैदा होता है तो 60 हजार का कर्जदार होता है। पटवारी ने दावा किया कि प्रदेश पर 5 लाख करोड़ का कर्ज है। समझ में नहीं आता मध्य प्रदेश सरकार आखिर कर्ज किस लिए ले रही है? कर्ज लेकर जनहित की योजनाएं संचालित नहीं की जा रहीं, बल्कि इस राशि का प्रयोग मंत्रियों के बंगले चमकाने में होता है। पटवारी ने आगे कहा कि मप्र को इस वित्तीय वर्ष में कुल 62,835 करोड़ रुपये तक कर्ज लेने की अनुमति है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ में शौर्य स्मारक पर शहीदों की स्मृति में सैल्यूट किया।

## सौरभ शर्मा मामले में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ किसके? तीन माह बाद भी तीन जांच एजेंसियां खाली हाथ



भोपाल (ए.)। परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के आवासीय परिसर पर छापेमारी के बाद एक फॉर्म हाउस पर खड़ी कार में मिले 52 किलो सोने और 11 करोड़ नकद को लेकर तीन जांच एजेंसियां तीन माह बाद भी खाली हाथ हैं। इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर है। मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर और ऑफिस पर छापे के बाद मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ नकदी किसका है, इस सवाल का जवाब अब तक नहीं मिल पाया है। तीन माह से मामले की जांच कर रही लोकायुक्त, ईडी और आयकर विभाग की टीम अभी भी खाली हाथ है। तीनों एजेंसियों ने जेल में बंद सौरभ शर्मा और उसके करीबी शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौड़ से पूछताछ के बाद भी कुछ पता नहीं लगा पाई है। तीनों ने ही सोना और नकदी से संबंध होने से इंकार किया है। हालांकि, चेतन सिंह गौर यह स्वीकार कर चुका है कि जिस गाड़ी में सोना और नकदी मिली है, वह उसके नाम पर रजिस्टर्ड है, लेकिन उसका उपयोग सौरभ शर्मा करता था। हालांकि, अब एजेंसियां सीसीटीवी फुटेज से इस सवाल का जवाब ढूंढने का प्रयास कर रही है। साथ ही यह भी जवाब ढूंढा जा रहा है कि सोना और नकदी कहां से प्राप्त की और इसे कहां भेजा जा रहा था। बता दें, इस मामले में लोकायुक्त ने मामले में सौरभ शर्मा, उसकी पत्नी दिव्या शर्मा के साथ ही शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को आरोपी बनाया है।

### दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं को दी नसीहत, बोले- मंच की लड़ाई समाप्त करो और जनता के लिए आवाज उठाओ

भोपाल (ए)। मध्य प्रदेश कांग्रेस में जहां गुटबाजी हावी है, वहीं मंच पर चढ़ने की होड़ भी लगी रहती है। पिछले दिनों भोपाल में किसान कांग्रेस के मंच पर भीड़ बढ़ने से मंच टूट गया था और कई नेता घायल हो गए थे। इसे लेकर जहां बीजेपी लगातार कांग्रेस को घेर रही है, वहीं अब मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं को आपस में नहीं लड़ने और गुटबाजी से दूर रहने की नसीहत दी है। दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस के साथियों, मंच की लड़ाई समाप्त करो और जनता के लिए महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के ख़िलाफ आवाज, उठाओ लड़ाई लड़ो। जानकारी के लिए बतादें कि किसान कांग्रेस बजट सत्र के पहले दिन बीजेपी सरकार के खिलाफ कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रही थी। इस दौरान भोपाल के रंगमहल चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मंच पर भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके चलते मंच गिर गया था।

## रेलवे मैनेजर की ईमानदारी बनी मिसाल, पूर्व मंत्री ने जताया आभार

### भोपाल मंडल के मेल ट्रेन मैनेजर ने लौटाया खोया हुआ आभूषण, रेल प्रशासन ने की सराहना

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेलवे का भोपाल मंडल अपने कर्मचारियों की ईमानदारी, सजगता और समर्पण के कारण निरंतर सुर्खियों में बना रहता है। इस बार बीना स्टेशन पर तैनात मेल ट्रेन मैनेजर पीयूष कुमार सिंह की ईमानदारी और सतर्कता ने रेलवे की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि की है। हाल ही में पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर का परिवार केरला एक्सप्रेस के क्र-5 कोच में सीट संख्या 49-50 पर मथुरा से बीना तक यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान परिवार की एक महिला की चांदी की पायल सीट के नीचे गिर गई, जिसकी जानकारी उस



वक्त परिवार को नहीं हुई। इसी ट्रेन में सवार मेल ट्रेन मैनेजर पीयूष कुमार सिंह की नजर जब इस पायल पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए सहयात्रियों और टिकट निरीक्षक से संपर्क किया। यात्री के पीएनआर नंबर और मोबाइल नंबर लेकर उन्होंने जानकारी जुटाई और पाया कि यह पायल पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर के परिवार की है। श्री सिंह ने न केवल ईमानदारी का परिचय दिया बल्कि अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए स्वयं पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर के निवास पर जाकर वह पायल सम्मानपूर्वक परिवार को वापस की। श्री ठाकुर ने उनकी ईमानदारी और जिम्मेदारी की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उन्होंने रेलवे प्रशासन को भी पत्र लिखकर पीयूष कुमार सिंह की प्रशंसा की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि पीयूष कुमार सिंह का यह सराहनीय कार्य रेलवे कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। उनके इस प्रयास से रेल प्रशासन का मान बढ़ा है और यात्रियों के बीच रेलवे के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। भोपाल मंडल श्री सिंह के ऐसे प्रेरणादायक कार्यों पर गर्व करता है।

## शाहपुरा झील में मछलियाँ मृत पाई गई, एमपीसीबी ने बीएमसी को सीवेज के लिए जिम्मेदार ठहराया



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल की शाहपुरा झील में बड़ी संख्या में मछलियाँ मृत पाई गईं, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यावरणविदों में चिंता फैल गई है। सोशल मीडिया पर मृत मछलियों के वीडियो वायरल होने के बाद, भोपाल नगर निगम (बीएमसी) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पानी के नमूने एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने इस घटना के लिए बीएमसी को जिम्मेदार ठहराया है। एमपीसीबी के अनुसार, चार इमली और पंचशील नगर से निकलने वाला सीवेज का पानी झील में मिल रहा है, जो मछलियों की मौत का मुख्य कारण है। एमपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी बृजेश शर्मा ने कहा, इस घटना के दो मुख्य कारण हैं। पहला, बढ़ते तापमान के कारण पानी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर कम हो गया है, और दूसरा, चार इमली और पंचशील नगर से आने वाले सीवेज के उपचार की प्रक्रिया ठीक से काम नहीं कर रही है। यदि उपचार प्रक्रिया सही नहीं है, तो यह बीएमसी प्रशासन की गलती है। बीएमसी (झील संरक्षण) के अधीक्षण अभियंता प्रमोद मालवीय ने कहा, हमने पानी के नमूने एकत्र कर लिए हैं और उन्हें परीक्षण के लिए भेज दिया है। इसके अलावा, बीएमसी शाहपुरा झील में सीवेज मिश्रण के उपचार के लिए 10 करोड़ रुपये की लागत से एक नया उपचार संयंत्र स्थापित करने जा रही है। वर्तमान में, सीवेज को एकांत पार्क में सीवेज ऑक्सीकरण तालाब के माध्यम से छोड़ा जाता है। नए उपचार संयंत्र की स्थापना के साथ, शाहपुरा झील के लिए मार्ग विकास, झील की सफाई आदि जैसे कई नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे। इस घटना ने भोपाल में जल निकायों के प्रदूषण और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया है। पर्यावरणविद और स्थानीय लोग बीएमसी से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## गुजरात के राज्यपाल श्री देवव्रत से उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने की शिष्टाचार भेंट

भोपाल (आरएनएस)। गुजरात के महामहिम राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल श्री देवव्रत का अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर राज्यपाल श्री देवव्रत से विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

## छुट्टी वाले दिन भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत जिलों में छुट्टी वाले दिन भी बिजली बिल भुगतान केंद्र खुले रहेंगे। 16 मार्च (रविवार), 19 मार्च (रंगपंचमी), 22 मार्च (शनिवार), 23 मार्च (रविवार) और 31 मार्च (ईद-उल-फित्र) को खुले रखे जाएंगे। यहां ऑफलाइन बिल जमा किए जा सकते हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन भी बिल भरकर राहत पा सकते हैं।

### उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के गुरुग्राम, जमालपुर स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने श्री यादव के पिता, स्वर्गीय श्री कदम सिंह जी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## भोपाल में रंग लगाने पर विवाद, पिकअप वाहन से युवक को 200 मीटर घसीटा, मौत

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के अशोक गार्डन थाना क्षेत्र में शुक्रवार को होली खेलने के दौरान सड़क पर होली खेल रहे कुछ युवकों ने एक लोडिंग पिकअप वाहन चालक के ऊपर रंग डाल दिया। पिकअप वाहन चालक गाली देते हुए आगे बढ़ने लगा तो तीन युवकों ने उसे गाली देते हुए खदेड़ लिया। इतने में दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद चालक ने पिकअप को आगे बढ़ा दिया, जिसकी चपेट में शैलेंद्र आ गया और करीब 200 मीटर तक वह चक्के के नीचे दबकर घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफलापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शैलेंद्र एक फर्नीचर शोरूम में काम करता था। कुछ महीने पहले ही उसकी सगाई हुई थी और पांच मई को उसकी शादी होने वाली थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मऊगंज में जान गंवाने वाले ASI को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई, आठ माह बाद था रिटायरमेंट

सतना (ए.)। एएसआई रामचरण गौतम, जो आठ महीने बाद रिटायर होने वाले थे, कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हो गए। उनकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है। अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने शहीद का दर्जा, परिजन को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये सहायता देने की घोषणा की।

मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में शनिवार को हुए घटनाक्रम का असमय शिकार बने एएसआई रामचरण गौतम का आठ महीने बाद रिटायरमेंट था। उनका पूरा परिवार इस बात से बेहद खुश था कि अब वह आने वाले समय में अपने परिवार के साथ रहकर रिटायरमेंट की खुशियां मनाएंगे। मगर, अफसोस रिटायरमेंट से




पहले उस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और उन्हें अपने कंधों पर अर्थी उठानी पड़ गई। शहीद सम्मान के साथ उनके शव को गृह ग्राम कोठी थाना क्षेत्र के पवैया पहुंचाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी।

जिस वक्त तिरंगा झंडा में लिपटी रामचरण गौतम की लाश गांव पहुंची पूरा गांव दहाड़ मार कर रो पड़ा। एएसआई की मौत जितनी दर्दनाक थी उतना ही दर्दनाक पवैया गांव का यह नजारा था। यहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं और सब उनके कामों को याद कर दहाड़ मार कर रो रहे थे। अंतिम यात्रा में कलेक्टर एवं एसपी ने शहीद की अर्थी को कंधा दिया।

## रंगपंचमी की गेर में जमीन से आसमान तक नजर, जनता का हर मूवमेंट होगा रिकॉर्ड, छतों की ऑनलाइन बुकिंग



इंदौर (ए.)। इंदौर की लोकप्रिय रंगपंचमी की गेर में इस बार सुरक्षा के खासे इंतजाम किए गए हैं। चैंपियंस ट्राफी के बाद महू में हुई हिंसा से सबक लेते हुए इस बार पुलिस और प्रशासन इंदौर में कोई भी कोताही बरतने के मूड में नहीं है। गेर के मार्ग और इंतजामों को लेकर अधिकारी लगातार दौरे कर रहे हैं और तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। इंदौर में परंपरागत रूप से निकलने वाली रंगपंचमी की गेरों के आयोजन की व्यापक तैयारियां जारी हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों के दल के साथ गेर मार्ग का निरीक्षण किया। इंदौर में 19 मार्च रंगपंचमी के अवसर पर रंगारंग गेर निकलेंगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त अमित सिंह, एडीएम रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## श्योपुर में नहर में नहाने गए चार बच्चे डूबे, तीन को बचाया, एक लापता बच्ची की तलाश जारी



श्योपुर (ए.)। श्योपुर जिले से 135 किलोमीटर दूर वीरपुर में चार बच्चे नहर में डूब गए। घटना घुघस गांव के अंबा का पूरा टपरा की है। ये चार बच्चे नहाने गए थे। तीन को बचा लिया गया है। वहीं, एक बच्ची अब भी लापता हैं। बचाए गए दिव्यांशी जाटव, दृष्टि और देवांश का कहना है कि नहाते समय अमन का पैर फिसल गया। हमने उसे पकड़ने की कोशिश की, इस दौरान हम भी बह गए।

बच्चों को बहता देख मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत नहर में कूदकर तीन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, 13 वर्षीय दिव्यांशी अभी भी लापता है। वीरपुर थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय ने बताया कि घटनास्थल पीड़ित के घर के सामने है। ग्रामीणों की मदद से तीन बच्चों को बचा लिया गया है। लापता बालिका दिव्यांशी की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## पुलिस से विवाद करने वाले पिता-पुत्र वकीलों पर तीन थानों में दर्ज है केस, पुलिस ने खंगाली कुंडली



इंदौर (ए.)। शुक्रवार को धुलेंडी के दिन रंगों से भरा गुब्बारा लगने पर हुए विवाद के बाद परदेशीपुरा पुलिस ने वकील पिता—पुत्रों पर केस दर्ज किया था। उसे लेकर शनिवार को एमजी रोड पर हाईकोर्ट के बाहर वकीलों ने चक्काजाम कर दिया था। इस दौरान पुलिस अफसरों से झूमाझटकी की गई थी। अफसरों के साथ यह हरकत करने वाले लोग सीसीटीवी फुटेज में भी नजर आ रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट में आरोपियों को अज्ञात बताया गया है। इस बीच, पुलिस ने परदेशीपुरा क्षेत्र में विवाद करने वाले तीनों पिता-पुत्रों के आपराधिक केसों की कुंडली खंगाली है। उनके खिलाफ पुराने केस मिले हैं। अब उन पर शिकंजा कस सकता है।

परदेशीपुरा क्षेत्र में वकील अरविंद जैन, अपूर्व जैन और अर्पित जैन का एक युवक से रंग के गुब्बारे फेंकने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने युवक की शिकायत पर तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। विवाद में बीच-बचाव करने पर वकीलों की पुलिस जवानों से भी झूमाझटकी हो गई थी। इसके बाद वकील पुलिसकर्मियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने पर अड़े थे।

## त्रिपुंड लगाकर भस्म आरती में सजे बाबा महाकाल, भक्तों को त्रिनेत्र स्वरूप में दिए दर्शन



उज्जैन (ए.)। कालों के काल बाबा महाकाल भस्म आरती में पूजन सामग्री से श्रृंगारित हुए। इस दौरान चंदन का त्रिपुंड और त्रिनेत्र लगाकर बाबा का श्रृंगार किया गया, हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# रास्ते के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम

सीधी(ए.)। सीधी जिले के हड़वडो गांव में वर्षों से चले आ रहे रास्ते के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविवार दोपहर दबंगों ने घात लगाकर 60 वर्षीय बुजुर्ग की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को अस्पताल के पास रखकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**ऐसे भड़का विवाद, फिर हो गई हत्या**

34 वर्षीय नंदलाल साकेत के अनुसार, उनके परिवार का रास्ते को लेकर राम मिलन साकेत, लछिमन साकेत, बाबूलाल साकेत से तीन-चार साल से विवाद चल रहा था। कोर्ट से जीतने के बावजूद, विपक्षी पक्ष ने फिर से रास्ते पर निर्माण शुरू कर दिया था। तहसीलदार के आदेश पर



निर्माण को गिराया गया, लेकिन 16 मार्च को गांव के ही प्रवीण सिंह चौहान के उकसाने पर वे दोबारा निर्माण करने लगे।

जब पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। इससे गुस्साए आरोपियों ने दोपहर करीब 1 बजे नंदलाल के पिता परमेश्वर प्रसाद साकेत पर हमला कर दिया। बाबूलाल साकेत, सचिन साकेत, कौशल साकेत, राम मिलन साकेत, जुग्गुन साकेत, श्रीनाथ साकेत, राम पती साकेत, सागर साकेत, मुन्नी साकेत और धनेशरी साकेत ने उन्हें जबरन बाबूलाल साकेत के घर ले जाकर बेरहमी से पीटा और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।

शोर सुनकर दौलत साकेत और दीपक साकेत समेत कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को बचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

**गुस्साए परिजनों ने किया चक्काजाम, पुलिस ने संभाली स्थिति**

घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को जिला अस्पताल के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने परिजनों को समझाइश दी और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# इंदौर में प्रेमिका की बेवफाई से दुखी रेस्टोरेंट मैनेजर ने कर ली आत्महत्या

इंदौर (ए.)। इंदौर में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह अपनी प्रेमिका की बेवफाई से नाराज था। उसने अपने सुसाइड नोट में प्रेमिका का नाम लिखकर कहा कि तुमसे मेरा संबंध दस साल तक था, लेकिन अब तुम मुझे छोड़ रही हो, इसलिए मैं मर रहा हूं। युवक प्रद्युम्न परदेशी एक रेस्टोरेंट में मैनेजर था। वह अपने एक साथी के साथ तेजाजी नगर क्षेत्र में मकान किराए पर लेकर रह रहा था। वह मूल रुप से छपरा गांव का निवासी है।

इंदौर में पढ़ाई करने के बाद



वह नौकरी करने लगा था। शनिवार रात उनसे अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब उसके दोस्त ने कमरे में फांसी पर लटका देखा तो फिर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस कमरे में पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। पुलिस को कमरे की तलाशी के दौरान एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें उसने अपनी आत्महत्या का जिम्मेदार अपनी प्रेमिका और माता-पिता को भी बताया। माता-पिता के बारे में उनसे लिखा कि मैं तो जान दे रहा हूं, लेकिन तुम्हें भी मरना पड़ेगा,क्योकि तुम लोगों ने मुझे बहुत परेशान किया है। पुलिस ने युवक का मोबाइल भी जांच मे लिया है, ताकि सुसाइड के अन्य कारणों का पता चल सके। प्रद्युम्न के पिता किसान है और परिवार में मां के अलावा छोटा भाई भी है। तीनों गांव में रहते है।

## व्यापार समाचार

## सेंसेक्स की पांच कंपनियों का मार्केट कैप 93,000 करोड़ घटा



**- सबसे अधिक नुकसान इन्फोसिस और टीसीएस को हुआ**

मुंबई (ए)। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के रुख की वजह से सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण चढ़ गया।इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 49,833.62 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

# भारत-चीन के व्यापार में अंतिम तिमाही में वृद्धि, कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन : रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। विश्व निकाय की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों, विशेष रूप से भारत व चीन ने 2024 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में औसत से बेहतर व्यापार विस्तार किया। रिपोर्ट में हालांकि, आगामी तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी की संभावना की चेतावनी दी है। इसके मुताबिक, विकासशील देशों, खासकर चीन व भारत में जहां व्यापार विस्तार हुआ, वहीं कई विकसित देशों में व्यापार संकुचन हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट में कहा गया है कि 2024 में वैश्विक व्यापार लगभग 1,200 अरब डॉलर यानी नौ प्रतिशत के विस्तार के साथ 33,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह अपडेट मार्च की शुरुआत तक के आंकड़ों को कवर करता है। इसमें कहा गया है कि चीन और भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में मजबूत व्यापार गति देखी, जबकि अमेरिका एक प्रमुख चालक बना रहा। 2024 की चौथी तिमाही में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक व्यापार ने मिश्रित रुझान दिखाए। चीन, भारत के व्यापार में, विशेष रूप से निर्यात में वृद्धि जारी रही।



**व्यापार में 8% की तिमाही आयात वृद्धि**

अमेरिका में, 2024 की चौथी तिमाही में आयात वृद्धि ठीक रही, वहीं निर्यात वृद्धि घट गई। भारत ने 2024 की चौथी तिमाही में माल व्यापार में तिमाही आधार पर 8 प्रतिशत और वार्षिक आधार पर 6 प्रतिशत आयात वृद्धि दर्ज की। तिमाही निर्यात 7 प्रतिशत और सालाना 2 प्रतिशत निर्यात वृद्धि रही।

भारत-द.अफ्रीका के लिए सेवा व्यापार मजबूत

2024 की चौथी तिमाही में सेवा व्यापार में वृद्धि जारी रही। यह दर्शाता है कि सेवा व्यापार में सकारात्मक रुझान अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिर हो सकता है। भारत व दक्षिण अफ्रीका के लिए सेवा व्यापार में वृद्धि मजबूत रही। वार्षिक आधार पर कई सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सेवा व्यापार वृद्धि दहाई अंक के आंकड़े तक पहुंच गई।

## रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2022-24 में रिकॉर्ड तोड़ जमीन खरीदी

**पहले एकड़ जमीन 1,603 एकड़ में 18,112 करोड़ रुपये में खरीदी गई**

नई दिल्ली (ए.)। रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2022-24 के दौरान 5,885 एकड़ जमीन 90,000 करोड़ रुपये में खरीदी है जिससे आवास और कमर्शियल संपत्तियों की मांग को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट विकसित किए जा सकें। जेएलएल इंडिया के अनुसार इसमें पहले एकड़ जमीन 1,603 एकड़ में 18,112 करोड़ रुपये में खरीदी गई, 2023 में 1,947 एकड़ में 32,203 करोड़ रुपये में और 2024 में 2,335 एकड़ में 39,742 करोड़ रुपये में। इस डेटा के मुताबिक, रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2022 में 1,603 एकड़ जमीन 18,112 करोड़ रुपये में, 2023 में 1,947 एकड़ जमीन 32,203 करोड़ रुपये में खरीदी। 2024 के दौरान, डेवलपर्स द्वारा जमीन खरीद 2,335 एकड़ तक पहुंच गई, जिसकी कीमत 39,742 करोड़ रुपये थी।

## ओयो होटल्स ने घोषित किया मुफ्त ठहरने का बड़ा ऑफर




नई दिल्ली (ए.)। देशभर में ओयो होटल्स के ठहरने वाले ग्राहकों के लिए बड़ी खबर है। ओयो कंपनी ने घोषित किया है कि लोग अब पांच दिनों तक मुफ्त ठहर सकते हैं। इस ऑफर के तहत, देशभर में 1000 होटलों में यह सुविधा उपलब्ध है। इस ऑफर की शुरुआत होली के मौके पर की गई है, जो भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के उत्सव के बाद है। ओयो के फाउंडर ने एक्स पर एक पोस्ट करके बताया कि इस ऑफर का मुख्य उद्देश्य यात्रा करने और प्रियजनों के साथ समय बिताने की प्रोत्साहन है। इस खास मौके पर ऑफर का नवाजा जाएगा, इसमें प्रीमियम से बजट और टाउनहाउस कमरे शामिल हैं। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को ओयो की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग करनी होगी और चैंपियन कूपन कोड का उपयोग करना होगा। यह ऑफर केवल पहले 2000 बुकिंग्स तक ही सीमित है, इसलिए जल्दी ही बुक करें और इस होली को और भी यादगार बनाएं।

# 'भारत को FTA के तहत EU से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग', वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

नई दिल्ली(ए.)। भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।

भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है। जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के




अवरोधों को हटाए।

चिकित्सा उपकरणों के लिए भारत-यूरोपीय संघ वार्ता असमान है। यूरोपीय संघ जहां चिकित्सा उपकरणों पर भारत से शून्य टैरिफ की मांग करता है, वहीं दूसरी तरफ वह उच्च नियामक अवरोध बनाए रखता है, जो भारत के निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजारों के लिए कठिन बना देता है।

चिकित्सा उपकरणों के लिए भारत-ईयू एफटीए वार्ता असमान है। जहां एक तरफ यूरोपीय संघ भारत से चिकित्सा उपकरणों पर शून्य शुल्क की मांग करता है, वहीं दूसरी तरफ भारतीय उत्पादों को अपने बाजार में बेचने में मुश्किलें पैदा करता है। इससे भारत को यूरोपीय संघ के बाजार में अपने निर्यात को बढ़ाने में दिक्कत होती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूरोपीय संघ के सीमा शुल्क की दरें शून्य हैं, लेकिन इसके बावजूद बाजार में प्रवेश की लागत बहुत अधिक है, क्योंकि वहां के नियामक ढांचे में कड़ी शर्तें हैं। उन्होंने कहा, यूरोपी संघ में निर्यात करना अब और कठिन हो गया है, क्योंकि उसने मेडिसिन डिवाइस डिरेक्टिव्स (ईयू-एमडीडी) को बदलकर मेडिकल डिवाइस रूल्स (ईयू-एमडीआर) लागू किया है। ये नियम ज्यादा सख्त हैं।

## हीरो स्प्लेंडर को नए अपडेट्स के साथ उतारने की तैयारी




नई दिल्ली (ए.)। हीरो कंपनी लोकप्रिय बाइक हीरो स्प्लेंडर को नए अपडेट्स के साथ बाजार में उतारने की तैयारी में है। हीरो स्प्लेंडर प्लस के 2025 मॉडल का सबसे बड़ा अपडेट फ्रंट डिस्क ब्रेक होगा। यह बदलाव बाइक की स्टॉपिंग पावर को बेहतर बनाएगा। अभी तक स्प्लेंडर प्लस के सभी वेरिएंट्स में दोनों ओर ड्रम ब्रेक का सेटअप दिया जाता था। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि डिस्क ब्रेक सभी वेरिएंट्स में मिलेगा या सिर्फ टॉप मॉडल में ही उपलब्ध होगा। नए मॉडल में कुछ विजुअल अपडेट्स भी देखने को मिलेंगे। तस्वीरों के आधार पर, बाइक में दो नए कलर ऑप्शंस जोड़े गए हैं।

## सम्पादकीय



**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# बदलती हवा के साथ

अभी जबकि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स को भारत में लाइसेंस हासिल नहीं हुआ है, एयरटेल भारती ने उसके साथ करार कर लिया है। नतीजतन स्पेसएक्स के खिलाफ मोर्चे में रियालंस जियो अकेली पड़ गई है।

अभी पांच महीने नहीं हुए हैं, जब भारती एयरटेल कंपनी ने रिलायंस जियो के साथ साझा रुख लेते हुए भारत सरकार से कहा था कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिए हो। यह मांग इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के विपरीत थी, जो यह सरकारी फैसले से आवंटन चाहती है। इस बीच अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के राष्टपति बनने और उसमें मस्क को प्रमुख भूमिका मिलने से हवा का रुख बदल गया है। तो एयरटेल भारती को संभवतः महसूस हुआ कि स्पेसएक्स के भारत में प्रवेश को रोकना अब मुमकिन नहीं रहा। ऐसे में रुख बदल लेना उसने फायदेमंद समझा।

और अब वह खुद भारत में स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा प्रदान करेगी। अभी जबकि स्पेसएक्स को भारत में लाइसेंस हासिल नहीं हुआ है, एयरटेल भारती ने उसके साथ करार कर लिया है। नतीजतन स्पेसएक्स के खिलाफ मोर्चे में रियालंस जियो अकेली पड़ गई है। वैसे संभव है कि भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा देने का लाइसेंस एक से ज्यादा कंपनियों को मिले। फिर भी 60 से ज्यादा देशों में यह सेवा दे रही स्पेसएक्स के साथ बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा। इस रूप में रिलायंस ग्रुप के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। वैसे ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें, रिलायंस के लिए चुनौती सिर्फ यही नहीं है।

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका से पेट्रोलियम की अधिक खरीदारी और अमेरिकी कंपनियों को भारत में 'समान धरातल' दिलवाने के लिए भी भारत पर दबाव बना रखा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के विभिन्न कारोबार में अमेजन एवं वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों से सीधी होड़ है। अब तक सरकारी नीतियों का संरक्षण उसे मिला हुआ है। लेकिन सूरत बदली, तो उससे भी उसके सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। भारती एयरटेल के रुख से साफ है कि भारत के बहुत-से कारोबारी 'मुकाबला नहीं कर सकते, तो पीछे लग चलो' की नीति पर चल रहे हैं। मगर उन कंपनियों के लिए ऐसा करना कठिन है, जिनकी भारतीय अर्थ-जगत के विभिन्न क्षेत्रों पर एकाधिकार जैसी हैसियत है और अब उन्हीं क्षेत्रों में अमेरिकी कंपनी भी प्रवेश करना चाहती है।




आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रतापराव जाधव विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा आयोजित योग महोत्सव-2025 के उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए।

# नाम चमकाने रोहित शर्मा पर टिप्पणी

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर बहस छिड़ी है। निकट अतीत में शायद ही कोई ऐसा खिलाड़ी होगा, जिसको लेकर इतनी बार बहस और विवाद हुए होंगे। अभी ज्यादा समय नहीं बीता, जब उनको मुंबई की आईपीएल क्रिकेट टीम के कप्तान से हटाने पर विवाद हुआ था। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान रहते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर किए जाने का विवाद भी पुराना नहीं है। टी20 से संन्यास लेने पर भी विवाद हुआ, जो अब तक चल रहा है। परंतु दूसरी ओर रोहित शर्मा इस देश के लोगों का सबसे ज्यादा प्यार और समर्थन पाने वाले खिलाडियों में भी शामिल हैं। लोग उनकी बैटिंग के दिवाने हैं तो फील्ड में उनकी मौजूदगी, उनके हावभाव, कप्तानी करने का तरीका भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देता है। इस बार वे एक अलग किस्म की बहस में घिरे हैं। कांग्रेस पार्टी की एक अनजान सी प्रवक्ता ने अपना नाम चमकाने के लिए रोहित शर्मा पर टिप्पणी की। शमा मोहम्मद नाम की इस प्रवक्ता ने कहा कि रोहित मोटे हैं और भारत के सबसे असफल कप्तानों में से एक हैं। सोशल मीडिया में की गई उनकी टिप्पणी को लेकर देश, समाज, राजनीति और मीडिया बंटे हुए हैं। हालांकि क्रिकेट बिरादरी में इस पर एक राय है कि यह बेहूद बयान है, जिसके पीछे कोई तर्क या तथ्य नहीं है। बाकी देश, राजनीति, समाज और मीडिया खास कर सोशल मीडिया में जो बहस और वैचारिक विभाजन है वह इस बयान की गुणवत्ता पर नहीं है। वहां बहस मोटे तौर पर राजनीतिक, जातीय और सांप्रदायिक हो गई है। एक बड़ा वर्ग शमा मोहम्मद के पक्ष में यह कह कर खड़ा हुआ है कि रोहित शर्मा ब्राह्मण हैं और शमा मोहम्मद मुस्लिम हैं इसलिए ब्राह्मणवादी व सांप्रदायिक मीडिया इस पर आपत्ति कर रहा है, अन्यथा इस बयान में कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने अपनी प्रवक्ता का पोस्ट डिलीट करा दिया है लेकिन उसकी प्रवक्ता का समर्थन करने वाला वर्ग वही है, जो राहुल गांधी के जाति नैरेटिव का समर्थन करता है और मीडिया से लेकर नौकरशाही और यहां तक की मिस इंडिया में भी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व खोजता है। दूसरी ओर रोहित का समर्थन करने वाला एक बड़ा वर्ग उनके पक्ष में आंकड़े और तर्क पेश कर रहा है लेकिन एक वर्ग निश्चित रूप से ऐसा है, जो मुस्लिम और पाकिस्तान का मुद्दा इसमें घुसा रहा है।

हकीकत यह है कि रोहित शर्मा को इन दोनों में से किसी के प्रमाणपत्र की जरुरत नहीं है। भारत ही नहीं, बल्कि विश्व क्रिकेट के सर्वकालिक महान




बल्लेबाजों में से एक सुनील गावसकर ने क्रिकेटिंग लॉजिक्स के हिसाब से रोहित शर्मा का पक्ष रखा है और कांग्रेस प्रवक्ता के बयान को गैरजरूरी और गलत बताया है। असल में कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने बयान जिस मकसद से दिया था उनका वह मकसद पूरा हो गया है। देश भर के लोग उनका नाम जान गए हैं। उनके नाम पर बहस हो रही है। उनके मुस्लिम होने भर से उनके बयान के गुणदोष में गए बिना भाजपा विरोधी इकोसिस्टम उनका समर्थन और बचाव कर रहा है। यह स्थापित किया जा रहा है कि मुस्लिम होने की वजह से उनको निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? और जो उन्होंने कहा है क्या उसकी पड़ताल नहीं होनी चाहिए? उन्होंने जो कहा है और जो लोग भी उनका बचाव कर रहे हैं, उन सबको इस बयान के असली मकसद के बारे में जानना चाहिए और यह भी जानना चाहिए कि तथ्यात्मक रूप से यह कितना गलत है। कांग्रेस प्रवक्ता ने यह बयान सिर्फ लाइमलाइट में आने के लिए दिया यह मानने का आधार यह तथ्य है कि इससे पहले क्रिकेट पर उन्होंने कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं डाली है। उनके एक्स हैंडल पर कई महीनों में कोई पोस्ट क्रिकेट या किसी खिलाड़ी को लेकर नहीं आई है, जबकि इस दौरान खूब क्रिकेट खेली गई है। विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत की बधाई उन्होंने जरूर दी है लेकिन उससे पहले इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान या न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत पर उनकी कोई पोस्ट नहीं है। अगर वे क्रिकेट की प्रशंसक होतीं और क्रिकेट से जुड़े पोस्ट डाल रही होतीं तो उनकी इस पोस्ट पर कोई सवाल नहीं उठता। चूंकि यह एक रैंडम पोस्ट है। इसलिए जाहिर है कि ध्यान खींचने के लिए यह लिखा गया। अब रही बात रोहित शर्मा के मोटे होने की तो यह एक तथ्य है, जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। इसके बावजूद रोहित शर्मा टीम में चुने जाने के लिए सारे जरूरी फिटनेस टेस्ट पास करते हैं तभी उनको चुना जाता है। इन दिनों चयन समिति के पास नाम जाने से पहले सभी खिलाडियों को मुश्किल फिटनेस टेस्ट से गुजरना होता है। वे टीम में चुने जा रहे हैं इसका मतलब है कि फिटनेस टेस्ट पास कर रहे हैं। इसलिए उनके वजन या उनकी शारीरिक संरचना पर सवाल उठाना ठीक नहीं होगा। यह एक तरह से उनकी शारीरिक संरचना का जिक्र करके उनका मजाक उड़ाना या उनका अपमान करना है। इसी तरह की शारीरिक संरचना वाले सरफराज खान या कुलदीप यादव या मोहम्मद समी जैसे कई खिलाड़ी भारतीय टीम में हैं। कई सर्वकालिक महान खिलाड़ी इसी शारीरिक संरचना वाले रहे हैं। श्रीलंका को विश्व कप जिताने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले अर्जुन रणातुंगा और अरविंद डिसिल्वा या पाकिस्तान को विश्व कप जिताने में बड़ी भूमिका निभाने वाले इंजामामुल हक और जावेद मियांदाद को जिसने खेलते देखा है वह रोहित शर्मा के बारे में ऐसी बातें नहीं कर सकता है। शेन वॉर्न और उनसे पहले डेविड बून, मैथ्यू हेडन, ग्राहम गूच, एलन बॉर्डर तक सैकड़ों खिलाडियों की मिसाल दी जा सकती है, जो शमा मोहम्मद के मोटापे की परिभाषा के दायरे में आते हैं। लेकिन सबने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बड़ा मुकाम बनाया, जैसा कि रोहित शर्मा ने बनाया है। क्रिकेट कौशल का खेल है इसलिए खिलाडियों को उस कसौटी पर कसना चाहिए। एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में रोहित शर्मा का रिकॉर्ड ऐसा है, जो उनको सर्वकालिक महान खिलाड़ी और सर्वकालिक महान कप्तान की श्रेणी में शामिल कराता है। उनको असफल कप्तान कहने वाली कांग्रेस की प्रवक्ता को शायद पता नहीं होगा कि रोहित क्रिकेट इतिहास के इकलौते कप्तान हैं, जो अपनी टीम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल यानी आईसीसी की हर टूर्नामेंट के फाइनल में लेकर गए हैं। उनकी कप्तानी में भारत वनडे क्रिकेट के फाइनल में पहुंचा और टी20 क्रिकेट का विश्वकप जीता।उनकी कप्तानी में टीम अभी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। उनकी कप्तानी में भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंचा था। इसके अलावा उनकी कप्तानी में भारत दो बार एशिया कप जीत चुका है।

एक खिलाड़ी के रूप में रोहित वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे ऊपर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली हैं। इसी टूर्नामेंट में रोहित वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने हैं।

# ट्रंप,नशे की लत!



**श्रुति व्यास**

लोकलुभावनवादी नेताओं को अर्थशास्त्र की समझ नहीं होती। मगर अपने को क्योंकि सर्वज्ञ समझते है तो वे बढ़ा-चढ़ाकर बातें करने, गलत को सही साबित करने और अपना ढोल पीटने में माहिर होते हैं। उनकी नीतियों में दम नहीं होता मगर वे शब्दों का जाल बुनने, प्रोपेगेंडा करने और समाज में विभाजन पैदा करने में कुशल होते हैं। अफ़सोस, कि सारी दुनिया में ऐसे लोग सिंहासनों पर आसीन हो रहे हैं। दुनिया में अफरातफरी मची हुई है तो क्या? ये नेता, ये ईश्वर के अवतार तो हैं। वे कोई गलती कभी कर ही नहीं सकते! ये नेता खिझाने की हद तक राजनीति में माहिर होते हैं। लेकिन अर्थव्यवस्था का ककहरा उनके बूते के बाहर होता है। यह बहुत ही अजीब और भ्रमित करने वाला है क्योंकि ज्यादातर लोकलुभावनवादी नेता टैक्स को कम से कम करने और नियम-कानूनों की जटिलता को कम करने की बातें करते हैं। वे कहते कि वे व्यवसाय करना आसान बनाएंगे। मगर याद रखिये, लोकलुभावनवाद हर तरह के व्यापार को आसान नहीं बनाता। राजनीतिज्ञों की सनक के कारण उनका रवैया बदलता रहता है, इसलिए बड़े-बड़े व्यवसायी भी यह मान कर नहीं चल सकते कि उनकी कंपनियां पर सत्ता की कृपा दृष्टि बनी रहेगी। भारत पर ही नजर डालें। सत्ता अनुकूल तौर-तरीके अपनाकर अडानी और अंबानी ने दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की की। वही छोटे व्यापारी मोदीनामिक्स की वजह से तबाही के कगार पर हैं। नोटबंदी, जो मोदीनामिक्स का मास्टर स्ट्रोक था, के कारण अब भी मध्यम और निम्न मध्यमवर्गीय वर्ग मुसीबतों का सामना कर रहा है। पर्स रखने का प्रचलन बहुत कम हो गया है क्योंकि बाजार में नकदी का अभाव है। 50 रू. के छुट्टे करवाना तक मुश्किल हो गया है। यह चिंताजनक है कि भारत के नव-मध्यम वर्ग के लगभग एक-तिहाई लोग दुबारा गरीब की श्रेणी में पहुंच गए हैं। ओरबान के राज में हंगरी में कुछ कारपोरेट्स का संरक्षण दिया जा रहा है, लेकिन पूरे निजी क्षेत्र का राजनीतिकरण हो गया है। कुछ क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण हो गया है या उन पर शासन का एकाधिकार हो गया है। अर्थशास्त्रियों और उनके द्वारा किए गए अध्ययनों के अनुसार लोकलुभावनवादी नेता विकास में रोड़ा होते हैं। 2021 में तीन अध्येताओं के एक अध्ययन में यह पाया गया कि व्यवसाय-समर्थक होने का दिखावा करने के बावजूद लोकलुभावनवादी नेता व्यापार-व्यवसाय के मामलों में राष्ट्रवादी होते हैं। लोकतंत्र की अध्येता याशा मोंक भी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि दक्षिणपंथी लोकलुभावनवादी नेता कुछ सालों तक तो शेयरों की बढ़ती कीमतों और निवेशकों के आत्मविश्वास का मजा लेते हैं। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है उनके द्वारा कानून के राज को हानि पहुंचाने, व्यक्ति-केन्द्रित नीतियों और विशेषज्ञों को हाशिए पर रख देने का नकारात्मक प्रभाव बढ़ता जाता है। पांच से लेकर दस साल के अंदर इन देशों में शेयर बाजार में तेज गिरावट, आर्थिक संकट और तीव्र मुद्रास्फीति जैसे हालात बनने की संभावना, उन देशों की तुलना में अधिक होती है जहां सत्ता लोकलुभावनवादी नेताओं के हाथ में नहीं होती। मोटे तौर पर शोधकर्ता हमें यह बताते हैं कि लोकलुभावनवादी नेताओं के सत्ता में होने पर 15 साल के बाद प्रति व्यक्ति जीडीपी और जीवनस्तर पर लगभग 10 प्रतिशत का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि अर्थव्यवस्था अंतर्मुखी हो जाती है, संस्थानों को कमजोर कर दिया जाता है और मेक्रोइकोनोमिक नीतियों के संबंध में जोखिम लिया जाता है। और जब लोकलुभावनवादी नेता अमेरिका जैसे विकसित, शक्तिशाली और वैश्विक व्यवस्था को हिला देने की क्षमता रखने वाले देश में सत्ता पर काबिज होते रहते हैं तो आर्थिक विनाश का खतरा नजर आने लगता है। आर्थिक मामलों में ट्रम्प की मनमानी और दादागिरी से न सिर्फ अमेरिका बल्कि सारी दुनिया में विकास पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। सत्ता में आने के कुछ सप्ताहों के अंदर ही ट्रंप बाजारों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा चुके हैं और अमरीकी अर्थव्यवस्था पर भी इसका दुष्प्रभाव बढ़ता जा रहा है।




मेष राशि- आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा, परिवार में फिर से खुशियां आएंगी। आज अपने नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बिताएंगे। किसी सामाजिक गतिविधि में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेगा। कहीं फंसा हुआ पैसा आज वापस सकता है। आज किसी भी परिस्थिति में संतुलित रहेंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं।

वृष राशि- आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज व्यवसाय में बड़ा मुनाफा होने जैसी स्थिति बनी हुई है। आज निर्णय लेने से पहले अपने परिवारवालों की सलाह लेना न भूले। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज पारिवारिक व्यवस्था को लेकर कुछ खरीदारी करने मार्केट जाएंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी पूरा होने से रिलैक्स फील करेंगे। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका पैसा कहीं रुका हुआ है तो आज वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि- आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है।

सिंह राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम करना पड़ सकता है। आज घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। अगर आज आप किसी प्रकार का निर्णय लेना चाहते हैं, तो किसी बड़े की सलाह जरूर ले लें। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की चल रही बात जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। आज बाहर के खाने को जहाँ तक हो सके अवॉयड करें।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दोस्त आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। अनचाहे भय से छुटकारा मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी। आपके मनपसंद जगह आपका ट्रांसफर होगा। आज आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा। कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी समझदारी से करनी चाहिए।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दांपत्य जीवन में आज नई-नई खुशियां आएंगी। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की सैलरी में बढ़ोतरी होगी। साथ ही पदोन्नति भी होने के योग बने हुए है।

मीन राशि-आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। आज कार्यों में भाई व बहनों का सहयोग मिलेगा। लवमेट आज शॉपिंग करने जाएंगे।

# नेपाल में सीएम का नहीं, महंत का पोस्टर लहराया गया

**( लेखक- बीपी गौतम )**

भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता प्राचीन काल से ही रहा है, इसलिये नेपाल में होने वाली प्रत्येक गतिविधि से भारत का प्रभावित होना स्वभाविक ही है।

राजनैतिक अस्थिरता से तंग आ चुके नेपाली नागरिक पुनः राजशाही की मांग करने लगे हैं। काठमांडू में हुये जोरदार प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की तस्वीर भी दिखाई दी, जिसको लेकर सर्वाधिक चर्चा की जा रही है। विवाद खड़ा करने वाले, यह भूल ही गये हैं कि आदित्यनाथ योगी प्राचीन गोरखपुर मठ के महंत भी हैं, इस मठ और मठ के महंत को नेपाल में बहुत आदर दिया जाता है। मठ एवं महंत के प्रति आस्था, श्रद्धा और भक्ति भाव को कोई शासन व्यवस्था नहीं बदल सकती। नेपाल में राजशाही व्यवस्था रहे अथवा, लोकतांत्रिक व्यवस्था रहे, इससे नेपाली नागरिकों के भाव नहीं बदल सकते, इसी विषय पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

यह है ताजा प्रकरण

नेपाल में राजशाही के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन हो रहे हैं। राजधानी काठमांडू में हजारों लोगों ने जुटकर लोकतांत्रिक सरकार के विरोध में आवाज उठाई और देश में एक बार फिर राजशाही को लौटाने की मांग की, इस आंदोलन से नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रविवार को नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र दो महीने तक धार्मिक दौरे पर पोखरा में रहने के बाद राजधानी काठमांडू लौटे थे। वे त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर निकले तो, उनके समर्थन में हजारों लोग जुट गये, इन लोगों में अधिकतर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के कार्यकर्ता थे, जो कि राजशाही के समर्थन के लिये जाने जाते हैं। काठमांडू में इतनी भीड़ जुट गई थी कि इसे संभालना भी मुश्किल हो गया। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र का स्वागत करने के लिये सिर्फ एयरपोर्ट पर ही लगभग 10 हजार लोग जुटे थे, इनमें आरपीपी के अध्यक्ष लिंगदेन और नेपाल प्रमुख कमल थापा सहित कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। भीड़ के कारण पूर्व राजा ज्ञानेंद्र को एयरपोर्ट से घर तक पांच किलोमीटर की दूरी पूरी करने में ढाई घंटे का समय लग गया। काठमांडू पुलिस को एयरपोर्ट से लेकर निर्मल निवास राजपरिवार के घर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने पड़े, इस दौरान ही भीड़ में नारेबाजी शुरू हुई कि हमें अपना राजा वापस चाहिये। तमाम लोग हाथों में पोस्टर लिये भी दिखाई दिये, जिनमें नेपाल से संघीय गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त किया जाये और राजशाही को वापस लाओ... जैसे नारे लिखे थे, इन पोस्टरों में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र और नेपाल के झंडे की तस्वीरें भी लगाई गई थीं। लोगों ने नेपाल में हिंदू धर्म को राष्ट्रीय धर्म घोषित करने की भी मांग की।

**राजनैतिक अस्थिरता से तंग आ गये हैं अधिकांश नेपाली**

नेपाल में 2008 तक राजशाही शासन था, इसके बाद लोकतंत्र समर्थकों के प्रदर्शन शुरू हो गये, जिससे राजशाही को समाप्त कर दिया गया था और फिर देश में चुनाव कराये गये थे लेकिन, नेपाल में राजशाही के अंत और लोकतंत्र के पूरी तरह से स्थापित होने के बाद देश में बीते 17 साल में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। नेपाल में हालिया बदलाव मार्च 2024 और उसके बाद जुलाई 2024 में हुआ था। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के प्रमुख पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ 15 महीने पुराना गठबंधन तोड़ दिया था और फिर केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के साथ गठबंधन बनाया।

हालांकि संसद में फ्लोर टेस्ट के दौरान कमल दहल प्रचंड बहुमत साबित नहीं कर पाये थ, इसके बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने बाकी पार्टियों को सरकार के लिये दावा पेश करने का न्यौता दिया था, जिसके बाद केपी शर्मा ओली ने शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस का साथ लेकर सरकार बना ली। 2008 के बाद से नेपाल में कभी भी एक पार्टी की सरकार नहीं बनी है, यहां हमेशा दो या, इससे अधिक दलों के गठबंधन से ही सरकार बनी है, जिससे देश में राजनैतिक अस्थिरता का भी वातावरण रहा है। नेपाल में बड़ी संख्या में लोग इस अस्थिरता को विकास कार्यों में बाधा मानते हैं, इसलिये नेपाल में एक बड़ा तबका राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में सम्मिलित होने लगा है। अधिकांश लोग राजनैतिक अस्थिरता से तंग आ गये हैं।

**आदित्यनाथ योगी की तस्वीर बनी चर्चा का विषय**

पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के समर्थन में जब काठमांडू एयरपोर्ट के बाहर रैली चल रही थी, इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का पोस्टर लहराया गया, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने राजशाही के समर्थन में किये गये प्रदर्शनों पर तो कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन, उन्होंने इन रैलियों में आदित्यनाथ योगी की तस्वीरों को लेकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि किसी देश को ऐसी स्थिति में नहीं होनी चाहिये, जहां विदेशी नेताओं की तस्वीरों का इस्तेमाल प्रदर्शनों में हो, उनके समर्थकों ने भी आरोप लगाया कि ज्ञानेंद्र के समर्थन के पीछे भारत का हाथ है। हालांकि, नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र ने आरोपों को सिरे से निरस्त कर दिया। उनकी ओर से कहा गया कि रैली में आदित्यनाथ योगी के पोस्टर राजशाही समर्थक आंदोलन की छवि खराब करने का प्रयास है। उन्होंने इसके पीछे केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने ओली सरकार पर रैली में घुसपैठ कराने का भी आरोप लगाया। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के प्रवक्ता ज्ञानेंद्र शाही ने सोशल साइट्स पर पोस्ट में दावा किया कि रैली में योगी आदित्यनाथ की फोटो केपी शर्मा ओली की सलाह पर दिखाई गई। उन्होंने इसके पीछे ओली के मुख्य सलाहकार बिष्णु रिमल का हाथ बताया।

**मठ का भक्त है नेपाल का राजपरिवार**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेपाल राजपरिवार से अच्छे रिश्ते हैं, जो सार्वजनिक हैं। आदित्यनाथ योगी गोरखनाथ मठ के महंत हैं, जिसका नेपाल के राजपरिवार के साथ ऐतिहासिक संबंध रहा है।

मठ को स्थापित करने वाले बाबा गोरखनाथ नेपाल पर कई वर्षों तक शासन करने वाले शाह परिवार के इष्टदेव रहे हैं। ज्ञानेंद्र शाह के भाई बीरेंद्र शाह के आदित्यनाथ योगी के गुरु रहे महंत अवैद्यनाथ की गुरु के रूप में सेवा की थी। राजा बनने के बाद बीरेंद्र शाह 1992 में स्वयं कार चलाकर काठमांडू से गोरखपुर मठ तक आये थे। कहा जाता है कि 1990 में जब नेपाल में संविधान संशोधन किया गया तब महंत अवैद्यनाथ की सलाह पर ही राजा बीरेंद्र शाह ने नेपाल को हिंदू राष्ट्र के तौर पर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया था। नेपाल राजपरिवार और गोरखनाथ मठ की घनिष्ठता नेपाल में लोकतंत्र स्थापित होने के बाद रहे हैं। 2015 में नेपाल में भीषण भूकंप आया था तब गोरखपुर के सांसद के रूप में आदित्यनाथ योगी ने सीमा क्षेत्रों स्वयं निर्माण कार्यों की निगरानी की थी, साथ ही राहत और बचाव कार्यों में मदद की थी।

# संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई का काम शुरू, एएसआई टीम के साथ कमेटी के लोग भी मौजूद

संभल(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद में रविवार की सुबह रंगाई-पुताई का काम शुरू हो गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम के साथ कमेटी के लोग मौजूद हैं। इससे पहले, शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( ASI) टीम पेंटर के साथ जामा मस्जिद पहुंची थी लेकिन कुछ देर रुकने के बाद टीम लौट गई थी। 12 मार्च को उच्च न्यायालय ने पुताई और सजावट का आदेश किया था। साथ ही यह भी कहा था कि इस पुताई और सजावट के कार्य की निगरानी एएसआई द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में 13 मार्च को ASI की टीम जामा मस्जिद पहुंची थी। बाहरी हिस्से के साथ अंदर के परिसर का भी निरीक्षण किया था। उन स्थानों को टीम ने देखा था जहां पुताई की जानी है। स्थानीय स्तर पर भी पेंटर और श्रमिकों की व्यवस्था की गई है।



जामा मस्जिद की पिछली दीवार पर पोस्टर लगाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया था उन पोस्टर को एएसआई की टीम ने शनिवार को हटवा दिया है। यह पोस्टर पुताई किए जाने के लिए हटाए गए हैं। इन हिस्सों की सफाई भी कराई गई है। 74 उपद्रवियों के पोस्टर दीवार पर लगा दिए थे। इन पोस्टर के लगाने का विरोध जामा मस्जिद कमेटी के सदर द्वारा किया गया था। उत्तर प्रदेश की संभल की शाही जामा मस्जिद इस समय सुर्खियों में बनी हुई है। पिछले साल 24 नवंबर को यहां मुगलकालीन मस्जिद शाही जामा मस्जिद के सर्वे के बाद दंगे भड़क गए थे। दंगे इस हद तक भड़क गए थे कि 4 लोगों की मौत हो गई थी। जहां एक तरफ संभल जामा मस्जिद मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बिना किसी छेड़छाड़ के मस्जिद को बाहर से रंगने और लाईट से सजाने की इजाजत दे दी है। वहीं, मामले में अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी।

## हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात, कई इलाकों में बारिश



मनाली (ए.)। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर हिमपात हुआ जबकि राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। शिमला मौसम कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि राज्य में मंगलवार को छोड़कर शुक्रवार तक बारिश का दौर जारी रहेगा। राज्य के कुछ इलाकों में शनिवार शाम से हिमपात हो रहा है। विभाग ने बताया कि मनाली के कोठी में 27.5 सेंटीमीटर, शिमला के खदराला में पांच सेमी, किन्नौर के कल्पा में चार सेमी और सांगला में 3.4 सेमी हिमपात हुआ, जबकि लाहौल और स्पीति के गोंडला में 15 सेमी, कुकुमसेरी में 4.8 सेमी और केलांग में चार सेमी हिमपात हुआ। मौसम विभाग ने कहा कि शिमला, कांगड़ा, सुंदरनगर और कुल्लू के भुंतर में बारिश हुई। विभाग ने रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा लाहौल-स्पीति और किन्नौर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग ने कहा कि चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के ऊंचाई वाले इलाकों में 17 से 21 मार्च तक बारिश होने का अनुमान है। इसके अनुसार केलांग में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से दो डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार एक से 16 मार्च तक राज्य में सामान्य (60.7 मिलीमीटर) के मुकाबले 73.2 मिमी बारिश हुई है, जो 21 प्रतिशत अधिक है।

## खौफनाक : तीन बच्चों की हत्या के बाद शख्स ने की खुदकुशी, इलाके में दहशत का माहौल



गिरिडीह (आरएनएस)। झारखंड के गिरिडीह जिला अंतर्गत पीरटांड़ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी दो नाबालिग बेटियों और एक बेटे की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह इस हृदय विदारक घटना की खबर इलाके में फैली तो लोग सन्न रह गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। चारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर हॉस्पिटल ले जाया गया है। यह घटना महेशलिट्टी गांव की है। मृतकों में 36 वर्षीय सनाउल अंसारी, सनाउल की दो बेटियां आफरीन परवीन (12 वर्ष) और जैबा नाज (8 वर्ष) एवं बेटा सफाउल अंसारी (6 वर्ष) शामिल हैं। सनाउल अंसारी की पत्नी दो दिन पूर्व गिरिडीह जिले के जमदहा गांव स्थित अपने मायके गई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना रात दो-तीन बजे के आसपास की है। इसकी जानकारी रविवार की सुबह लोगों को तब हुई, जब रमजान की सेहरी के बाद भी सनाउल के घर में कोई हलचल नहीं होने पर पड़ोसियों ने उनके दरवाजे पर दस्तक दी। कोई आवाज न आने पर लोग किसी तरह अंदर घुसे तो सनाउल अंसारी को फांसी पर लटका पाया, जबकि उसके तीनों बच्चे वहीं मृत पड़े थे। इसकी सूचना तत्काल पीरटांड़ प्रखंड के खुखरा थाने की पुलिस को दी गई। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद भी मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सनाउल ने अपने तीन बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर जान दी है। सनाउल राजमिस्त्री का काम करता था। इसके अलावा वह अपने घर में राशन और कपड़े की छोटी दुकान भी चलाता था। घटना की वजह क्या है, यह पता नहीं चल पाया है। सनाउल की पत्नी घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंची है। पुलिस का कहना है कि उससे पूछताछ के बाद शायद घटना की वजह पता चल सकती है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रमुख नालों की स्थिति का निरीक्षण किया



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शहर के प्रमुख नालों की स्थिति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मानसून से पहले इनकी सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के साथ उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना, लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा और अन्य अधिकारी भी थे। गुप्ता ने ''निकासी प्रणाली की अनदेखी करने'' के लिए पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि इसके कारण सड़कों पर जलभराव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, ''पिछली सरकारों ने इन नालों को गंभीरता से नहीं लिया। जब इन जैसे बड़े नालों की सफाई नहीं की जाती तो अवजल का सड़कों पर बहना स्वाभाविक है। उन्होंने बरसात के मौसम में सड़कों पर पानी भरने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गुप्ता ने सुनहरी, बारापुला और कुशक नालों की स्थिति का निरीक्षण किया तथा पाया कि उनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार विभिन्न एजेंसी के बीच समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा, ''विभिन्न एजेंसी के बीच इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी कि नालों की सफाई और रखरखाव कौन करेगा। हमने अब यह जिम्मेदारी बाढ़ और सिंचाई विभाग को दे दी है। नालों से समय पर गाद निकालने की जिम्मेदारी इसी एजेंसी की होगी। इस काम के लिए एक योजना बनाई जाएगी और बजट आवंटित किया जाएगा।' संवाददाताओं से बात करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली नवगठित सरकार ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया है कि बारिश के दौरान कोई जलजमाव न हो। हमने बड़े नालों का निरीक्षण किया, जिसमें बारापुला, सुनहरी और दयाल सिंह कॉलेज के पास का एक नाला शामिल है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को कुछ निर्देश दिए हैं। समन्वित तरीके से और तेजी से काम किया जा रहा है।

## मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में पुलिस अधिकारी की मौत

मुंगेर, (आरएनएस)। बिहार के अररिया में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत की घटना का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लोगों ने मुंगेर जिले में एक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि नंदलालपुर के पास दो पक्ष आपस में किसी बात को लेकर मारपीट कर रहे हैं। इसी सूचना पर 112 वाहन पर तैनात एएसआई संतोष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच



गए। इस दौरान झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश कर ही रहे थे कि एक व्यक्ति ने तेज धार हथियार से उन पर हमला कर दिया। एएसआई वहीं गिर गए। आनन-फानन में घायल पुलिस अधिकारी संतोष कुमार को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के क्रम में शनिवार को उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने आईएएनएस को बताया कि मुफस्सिल थाना की डायल 112 पर सूचना आई कि नंदलालपुरा गांव में दो परिवारों के बीच मारपीट हो रही है। इसी मामले में एएसआई वहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि इलाज के क्रम में पटना के एक निजी अस्पताल में एएसआई संतोष कुमार की मौत हो गई है।

## छोटे व्यापारियों को मिलेंगे समान अवसर, डिजिटल कंपटीशन एक्ट लाने जा रही सरकार : केंद्रीय मंत्री



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कारपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए डिजिटल कंपटीशन एक्ट का ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के कारोबार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान है और देश के ट्रेड और मैन्युफैक्चरिंग में एमएसएमई की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत, निर्यात में 45 प्रतिशत और जीडीपी में 30 प्रतिशत है। इस वजह से सरकार का फोकस एमएसएमई सेक्टर पर बना हुआ है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि आज का समय काफी बदल गया है। कंपटीशन केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की भूमिका काफी अहम हो गई है और हमारी जिम्मेदारी है कि अपने कानूनों को फेयर प्रैक्टिस के मुताबिक ही बनाए और लागू करें। उन्होंने आगे कहा कि सीसीआई की जिम्मेदारी बाजार में गैर-प्रतिस्पर्धी प्रथाओं को रोकने के साथ छोटे और नए उद्योगों के लिए ऐसा माहौल तैयार करना है, जिससे सभी को समान अवसर मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे रेगुलेशन पहले के मुकाबले काफी प्रभावी हुए हैं और बाजार में किसी एक कंपनी के प्रभाव को रोकते हैं।

# पंजाब में ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़, 17.60 लाख की नकदी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में ड्रग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की गई है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने दो हवाला ऑपरेटरों सुखजीत सिंह और रणबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ड्रग ट्रैफिकिंग से जुड़े अवैध वित्तीय लेन-देन में मदद कर रहे थे। इस कार्रवाई में उनके पास से 17.60 लाख रुपए की नकदी और 4,000 डॉलर बरामद किए गए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी दी। दरअसल, अमृतसर जिले के घरिंडा में पुलिस थाने द्वारा 561 ग्राम हेरोइन जब्त किए जाने की जांच के बाद दोनों आरोपियों की गिरफ्तारियां की गई हैं। आरोपियों ने हवाला वित्तपोषण और अन्य मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखलाओं से अपने संबंधों का खुलासा किया। डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर लिखा, 17,60,000 रुपए नकदी और 4,000 डॉलर बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, एक लैपटॉप भी बरामद किया गया है, जिसमें लेन-देन के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड दर्ज हैं। उन्होंने आगे कहा, पुलिस संगठित रूप से ड्रग इकोसिस्टम को ध्वस्त कर रही है, जिसमें तस्करी, उनके वित्तपोषक और मददगारों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। इस गंदे धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पिछले सप्ताह वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा था कि 'ड्रग्स के खिलाफ छेड़े गए' अभियान के तहत उत्साहजनक परिणाम मिले हैं, जिसमें 13 दिनों में 81 किलोग्राम से



अधिक हेरोइन, 51 किलोग्राम से अधिक अफीम और 60 लाख रुपए की नकदी को जब्त किया गया है। 13 मार्च तक नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) के तहत कुल 1,259 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 1,759 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने लगभग 7.5 लाख नशीली गोलियां और 970 किलोग्राम पोस्त की भूसी के साथ-साथ अन्य सिंथेटिक ड्रग्स भी जब्त किए हैं। साथ ही, ड्रग तस्करी से जुड़े 29 लोगों की संपत्तियां भी ध्वस्त कर दी गई हैं। चीमा ने कहा था कि इन लोगों ने तस्करी के जरिए करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित की है। उन्होंने कहा कि आप सरकार पंजाब से ड्रग्स को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस दिन-रात काम कर रही है और नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा था कि नशे में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में ऐसे सभी लोग सलाखों के पीछे होंगे। चीमा ने कहा था कि नशा तस्करों को संरक्षण देने वाली पिछली सरकारों के विपरीत आम आदमी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकारों पर सोची-समझी साजिश के तहत युवाओं को नशे की लत में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि उनके नेतृत्व में पांच मंत्रियों की कैबिनेट उप-समिति इस अभियान को सही ढंग से क्रियान्वित करने के लिए काम कर रही है। पिछले सप्ताह अमृतसर के जिला प्रशासन ने कुख्यात नशा तस्कर अजय कुमार बिल्ली के घर को ध्वस्त कर दिया गया था। अजय कुमार के खिलाफ विभिन्न थानों में पांच मामले दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला भी शामिल है।

# सोना तस्करी मामला: रान्या राव ने डीआरआई पर मारपीट और जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया

नई दिल्ली (ए.)। सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या ने आरोप लगाया कि राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने उससे मारपीट की और उसे खाली व पहले से लिखे कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। रान्या ने बेंगलुरु में डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को संबोधित छह मार्च को लिखे एक पत्र में दावा किया कि उन पर झूठा मामला थोपा गया है। उन्होंने पत्र में कहा कि दुबई से लौटने पर उनके खिलाफ 14 किलोग्राम से अधिक सोना ले जाने का गलत आरोप लगाया गया था। रान्या राव नाम से मशहूर हर्षवर्धिनी रान्या ने आरोप लगाया, आपके अधिकारियों ने मुझे यह बताने की अनुमति नहीं दी कि मैं इस मामले में निर्दोष हूं। अभिनेत्री ने दावा किया कि हिरासत में लिए जाने से लेकर अदालत में पेश किए जाने तक उसे 10 से 15 बार थप्पड़ मारे गए। उन्होंने आरोप लगाया, बार-बार मारपीट और थप्पड़ मारे जाने के बावजूद मैंने उनके (डीआरआई अधिकारियों)द्वारा तैयार किए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। रान्या ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें पहले से कुछ लिखे 50 से 60 और लगभग 40 खाली पन्नों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। अभिनेत्री ने दावा किया, अधिकारियों में से एक ने मुझसे



कहा कि अगर वह हस्ताक्षर नहीं करेगी तो वे मेरे पिता का नाम और पहचान उजागर कर देंगे, भले ही हम जानते हैं कि वह इसमें शामिल नहीं हैं। रान्या पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी के. रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। रामचंद्र राव वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। रान्या ने 'माणिक्य' सहित कई फिल्मों में भी अभिनय किया है। डीआरआई ने पहले एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया था कि दुबई से आने पर तीन मार्च को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रान्या के पास से 12.56 करोड़ रुपये की सोने की छड़ें जब्त की गई थीं। विज्ञप्ति के मुताबिक, रान्य के आवास की तलाशी के बाद अधिकारियों ने 2.06 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये की नकदी भी बरामद की थी।

## झारखंड के गिरिडीह में 36 वर्षीय व्यक्ति और उसके तीन बच्चों के शव मिले



रांची (ए.)। पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि यह आशंका है कि व्यक्ति ने पहले अपने तीन बच्चों का गला घोंटकर उनकी हत्या की और फिर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। झारखंड के गिरिडीह जिले में रविवार सुबह 36 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके तीन बच्चों के शव उनके घर में मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि यह आशंका है कि व्यक्ति ने पहले अपने तीन बच्चों का गला घोंटकर उनकी हत्या की और फिर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## घरेलू विवाद में खूनी संघर्ष, पत्नी ने चाकू से काट दिया पति का प्राइवेट पार्ट; तड़प-तड़प कर मौत



हाजीपुर (आरएनएस)। बिहार में लालगंज के करताहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवान भटौली पंचायत के भटौली गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने धारदार चाकू से अपने पति का प्राइवेट पार्ट काट दिया, जिससे तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी प्रियंका देवी को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, भटौली निवासी मिथिलेश पासवान और उनकी पत्नी प्रियंका देवी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। धीरे-धीरे यह विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर प्रियंका देवी ने धारदार चाकू से मिथिलेश पासवान पर हमला कर दिया और उनके प्राइवेट पार्ट को काट डाला। मारपीट की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल मिथिलेश पासवान को आनन-फानन में लालगंज रेफरल अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही करताहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पत्नी प्रियंका देवी को हिरासत में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और घटना के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने मृतक मिथिलेश पासवान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

## अब सरकारी टेंडर्स में मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा चार फीसद आरक्षण, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

बेंगलुरु(आरएनएस)। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने ये जानकारी दी है। मंत्रिमंडल ने कर्नाटक ग्राम स्वराज और पंचायत राज (संशोधन) विधेयक को भी मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में करीब 90 लाख ग्रामीण संपत्तियों को शामिल किए जाने की उम्मीद है, जिनके पास खाता नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल ने हेब्बल में कृषि विभाग की 4.24 एकड़ जमीन को दो साल के लिए किराया-मुक्त आधार पर अंतर्राष्ट्रीय फूल नीलामी बैंगलोर (आईएफएबी) के लिए देने के प्रस्ताव पर चर्चा की। जनवरी में आग की घटना के बाद बैंगलोर बायोइनोवेशन सेंटर में उपकरणों के पुनर्निर्माण और प्रतिस्थापन के लिए 96.77 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी देने पर भी चर्चा हुई।

## धूम मचाने को तैयार 'जाट' का ट्रेलर, सेट से वीडियो साझा कर सनी देओल ने दिया फिल्म पर अपडेट



सनी देओल अपनी अगली एक्शन ड्रामा फिल्म 'जाट' के लिए कमर कस रहे हैं। अभिनेता ने फिल्म का प्रचार भी शुरू कर दिया है। फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही उन्हें फिल्म से जुड़ी नई जानकारियों का भी इंतजार रहता है। अब उन्होंने फिल्म के सेट से पर्दे के पीछे की फुटेज वाला एक खास वीडियो शेयर किया और यह भी घोषणा की कि ट्रेलर जल्द ही रिलीज किया जाएगा।

**सनी देओल का पोस्ट**

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सनी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें सेट का दौरा करते हुए देखा गया। वीडियो साझा करते हुए सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, जाट ट्रेलर जल्द ही आ रहा है। तेरा जाट। पोस्ट पर प्रशंसकों ने भी प्यार बरसाया। प्रशंसकों में से एक ने लिखा कि इंतजार नहीं कर सकते। कई लोगों ने फिल्म को ब्लॉकबस्टर भी घोषित कर दिया।

**रणदीप के किरदार का भी हुआ खुलासा**

इससे पहले सनी देओल ने सोमवार को 20 सेकंड का वीडियो जारी किया था, जिसमें रणदीप हुड्डा को रणतुंगा के रूप में पेश किया गया था, जो 'जाट' का भयंकर विरोधी है। क्लिप की शुरुआत में रणदीप दूसरे कैदियों के साथ पुलिस स्टेशन के अंदर बैठे दिखाई देते हैं। वह कहते हैं, 'मुझे मेरा नाम बहुत प्यारा है।' इसके बाद वीडियो में एक सीन दिखाया जाता है, जिसमें अभिनेता बाहर बारिश में एक देहाती जूट की बोरी ओढ़े बैठे हैं। वह एक गहरी निगाह से सिगरेट जलाते हैं। जल्द ही उनका किरदार पूरी तरह से जानवर की तरह दिखने लगता है।

# शालिनी और कार्तिक की जोड़ी हो सकती है शानदार : गजराज राव

मुंबई (ए.)। हाल ही में आयोजित आईफा अवॉर्ड्स में मशहूर अभिनेता गजराज राव ने कहा कि ऑन-स्क्रीन शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी शानदार साबित हो सकती है। एक्टर ने कहा, मेरे दिमाग में दो नाम आते हैं। पहला शिवानी रघुवंशी, जिनके साथ मैंने दुपहिया में काम किया और दूसरा शालिनी पांडे, जिनके साथ मैंने हाल ही में डब्बा कार्टेल नाम की वेब सीरीज की। वह कार्तिक आर्यन के लिए एक बेहतरीन ऑन-स्क्रीन पार्टनर हो सकती हैं। मशहूर अभिनेता गजराज राव ने अभिनेत्री शालिनी पांडे की जमकर तारीफ की है। नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही डब्बा कार्टेल में शबाना आजमी और ज्योतिका भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह वेब सीरीज दर्शकों को काफी पसंद आ रही है और खासतौर पर शालिनी पांडे के किरदार राजी को खूब सराहा जा रहा है। इससे पहले भी शालिनी ने अर्जुन रेड्डी, जयेशभाई जोरदार और महाराज जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया है। गजराज राव की इस सिफारिश के बाद अब शालिनी और कार्तिक आर्यन के साथ आने की संभावनाओं पर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।



इस बीच, कार्तिक आर्यन ने सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइजी भूल भुलैया 3 के लिए आईफा अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का पुरस्कार जीता। उन्होंने अवॉर्ड लेते हुए कहा, मेरे पास अभी शब्द नहीं हैं। मैं चंदू नहीं हूं, मैं चैंपियन हूं। कार्तिक ने याद करते हुए कहा कि जब उन्हें भूल भुलैया 2 में कास्ट किया गया था, तो कई लोगों ने शक जताया था कि क्या वह इस फ्रैंचाइजी को अपने कंधों पर उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, जब मुझे भूल भुलैया 2 के लिए चुना गया था, तब लोग कहते थे कि क्या मैं इस फिल्म को कर पाऊंगा। हमें नहीं पता था कि हम सफल होंगे या नहीं।


## फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं रश्मिका मंदाना



मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग कर रही हैं। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्ट्रेस ने फिल्म के नाइट शेड्यूल की झलक साझा की। रश्मिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दो तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में वह कार में सोती नजर आ रही हैं, जिस पर उन्होंने कैप्शन दिया, नाइट शूट। मुझे नाइट शूट कितना पसंद है। दूसरी तस्वीर में वह अपनी वैनिटी वैन में बैठी हैं और एक ट्रैवल कप पकड़े हुए हैं, जिस पर लिखा है, थामा नाइट शूट। उनकी इन तस्वीरों ने प्रशंसकों को फिल्म के प्रति और अधिक उत्साहित कर दिया है।

फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता आयुष्मान खुराना ने खुलासा किया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए फिल्म की शूटिंग कुछ समय के लिए रोक दी गई थी। आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह और उनकी टीम फोन पर भारत बनाम न्यूजीलैंड का मैच देख रहे थे। जैसे ही भारत ने फाइनल में जीत दर्ज की, पूरी टीम ने खुशी मनाई। हालांकि, इसके बाद टीम ने धीरे-धीरे शूटिंग स्थल की ओर वापसी की। आयुष्मान ने इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा, शूट रुक जाती है जब इंडिया जीत जाता है। 'थामा' एक मनोरंजक प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म है, जिसमें एक रहस्यमयी और भयावह पृष्ठभूमि देखने को मिलेगी।

# भाई, तुम कब धमाका करना बंद करोगे? : सारा अली खान



मुंबई (ए.)। अभिनेत्री सारा अली खान अपने भाई इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियां' के एक गाने की झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। उसमें लिखा, भाई, तुम कब धमाका करना बंद करोगे? इसके साथ ही उन्होंने इब्राहिम की स्टाइल और अंदाज की तारीफ करते हुए कहा, मेरे भाई का अलग स्वैग है। इससे पहले सारा ने मुंबई में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया और अपने छोटे भाई के लिए एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने कहा, मेरे प्यारे भाई, मैं वादा करती हूँ कि हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगी और तुम्हारी सबसे बड़ी प्रशंसक बनी रहूंगी। तुम हमेशा मेरे लिए एक स्टार थे और अब, भगवान की इच्छा से पूरी दुनिया तुम्हें चमकते, धमाका करते हुए देखेगी। फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है, यह तो बस शुरुआत है। फिल्म निर्माता करण जौहर ने भी अपने सोशल मीडिया पर इब्राहिम के डेब्यू को लेकर खुशी जताई। उन्होंने लिखा, वह दिन आ गया है! प्यार, दोस्ती और ढेर सारी नादानी से भरी कहानी के दरवाजे खुल गए हैं! इसे देखें, महसूस करें और इसके साथ झूमें। 'नादानियां' देखें, अभी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म का निर्देशन शौना गौतम ने किया है और इसे धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म में महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज जैसे दमदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। 'नादानियां' की कहानी पिया (खुशी कपूर) की जिंदगी के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने दोस्तों से झूठ बोलती है कि उसका एक बॉयफ्रेंड है, लेकिन असल में वह फेक होता है।

फिल्म में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की केमिस्ट्री को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला है। फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ दर्शकों को फिल्म की कहानी कमजोर लगी, तो कुछ ने कहा कि इब्राहिम ने अपने डेब्यू के हिसाब से शानदार प्रदर्शन किया है। अब देखना होगा कि इस फिल्म से उन्हें बॉलीवुड में कितनी मजबूती मिलती है। बता दें कि सारा अली खान अपने भाई के फिल्मी कॅरियर को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इब्राहिम इस रोमांटिक एंटरटेनर के साथ बॉलीवुड में कदम रख चुके हैं, और उनकी बहन सारा लगातार उनका हौसला बढ़ा रही हैं।

## यारियां का नया ट्रेलर जारी, सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हो रही फिल्म

हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म यारियां लगभग 11 साल बाद दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को 21 मार्च, 2024 को एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

अब इससे पहले निर्माताओं ने यारियां का नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।

टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर यारियां का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, आ गया है यारों का पुनर्मिलन।

यारियां एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी कॉलेज की जिंदगी के ईर्द-गिर्द घूमती है। इसमें रकुल और हिमांश के अलावा गुलशन ग्रोवर, निकोल फारिया और एवलिन शर्मा भी अहम भूमिकाओं में हैं।

इस फिल्म का निर्देशन दिव्या खोसला कुमार ने किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था।

# अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने किया कौन से डर का सामना? सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरें



हाल ही में तृप्ति डिमरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा कि वह अपने डर का सामना करने जा रही हैं। जानिए, क्या है अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का डर?

तृप्ति डिमरी ने हाल ही में अपने एक डर के बारे में फैंस को सोशल मीडिया के जरिए बताया। वह इस डर का सामना करने की बात भी करती दिखीं। इस डर से और उसका सामने करने से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तृप्ति डिमरी ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

**तृप्ति डिमरी का डर क्या है**

तृप्ति डिमरी ने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। एक तस्वीर में वह बोट पर बैठी नजर आ रही हैं, इसी फोटो पर तृप्ति ने लिखा है कि वो अपने डर का सामना करने जा रही हैं। अगली फोटो वह बीच समंदर की डालती हैं, जहां उनकी बोट तैर रही है। इन तस्वीरों को देखकर लग रहा है कि शायद तृप्ति को समंदर में जाने से डर लगता है। ऐसे में वह इस डर को दूर करना चाहती हैं।

**रूमर्ड बॉयफ्रेंड संग मनाती हैं छुट्टियां**

तृप्ति डिमरी ने यह तस्वीरें खुद नहीं खींची हैं बल्कि कोई उनकी फोटो ले रहा है। अकसर जब अभिनेत्री छुट्टियों पर होती है तो उन्हें रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ देखा जाता है। ऐसा लगता है कि इस ट्रिप पर भी वह उनके साथ हैं और उनकी तस्वीरें ले रहे हैं।


**सैम संग पहले भी वैकेशन पर दिखीं तृप्ति**

तृप्ति डिमरी ने पिछले साल भी फिनलैंड में वैकेशन मनाई थी। इसके अलावा स्वीडन की नॉर्दर्न लाइट्स की तस्वीरें भी साझा की थीं। तृप्ति जैसी तस्वीरें ही सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम पर भी दिखीं। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने अंदाजा लगा लिया कि सैम और तृप्ति डेट कर रहे हैं।

**इन फिल्मों में नजर आएंगी**

तृप्ति डिमरी इस साल फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। वह अब तक अलग-अलग तरह की कहानी वाली फिल्में कर चुकी हैं। साल 2024 में वह 'बैड न्यूज', 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' और 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं।

## गदर 2 को पछाड़ छावा बनी भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 10वीं फिल्म, अब पठान समेत इन फिल्मों का रिकॉर्ड खतरे में




हिस्टोरिकल पीरियड फिल्म छावा ने अपनी रिलीज के 27 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा बीती 14 फरवरी को रिलीज हुई थी और साल 2025 की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. छावा भारत में 500 करोड़ रुपये कमाने वाली आठवीं हिंदी फिल्म भी बन गई है. छावा की कमाई बॉक्स ऑफिस पर कभी बढ़ती है तो कभी गिरती है, लेकिन इसकी कमाई का आंकड़ा करोड़ों में ही है. छावा ने इन 27 दिनों में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े तो कई रिकॉर्ड बनाए भी. छावा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई में सनी देओल की सबसे कमाऊ फिल्म गदर 2 से आगे निकल गई है. फिल्म छावा ने 27 दिनों में कितना कलेक्शन कर लिया है और फिल्म अब किन-किन फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है आइए जानते हैं.

सैकनिल्क के अनुसार, विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा ने 27वें दिन 4.75 करोड़ रुपये (अनुमानित) कमाए हैं. छावा की 27वें दिन की कमाई में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है. छावा ने 26वें दिन 5 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसमें 4 करोड़ रुपये हिंदी बॉक्स ऑफिस पर बटोरे थे. छावा ने 27वें दिन हिंदी में 3.9 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.85 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ छावा का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 535.55 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें छावा ने हिंदी में 524.45 करोड़ रुपये और तेलुगू में 11.1 करोड़ रुपये की कमाई की है.

सैकनिल्क के अनुसार, छावा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गई है. इस लिस्ट में छावा ने गदर 2 (527.7 करोड़ रुपये) को पछाड़ दिया है. अब छावा शाहरुख खान की पठान (543.09 करोड़ रुपये), एनिमल (553.087 करोड़ रुपये), स्त्री 2 (597.99 करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए आगे बढ़ रही है. भारत में नेट कमाई करने वाली टॉप फिल्मों में पुष्पा 2 (1471.1 करोड़ रुपये), बाहुबली 2 (1030.42 करोड़ रुपये), केजीएफ 2 (859.7 करोड़ रुपये), आरआरआर (782.2 करोड़ रुपये), कल्कि 2898 एडी (646.31 करोड़ रुपये) और जवान (640.25 करोड़ रुपये) शामिल हैं. सैकनिल्क की मानें तो छावा ने वर्ल्डवाइड 718.5 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जबकि गदर 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 686 करोड़ रुपये है.

# कियारा आडवाणी पर नजर आने लगा प्रेग्नेंसी ग्लो, अभिनेत्री ने दमकते चेहरे संग साझा किया वीडियो

कियारा आडवाणी ने दो साल पहले अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी की। हाल ही में इस जोड़े ने फैंस को खबर दी कि इनके घर एक नन्हा मेहमान आने वाला है। कियारा, सिद्धार्थ के घर बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। कियारा के फैंस यह खबर पाकर काफी खुश हुए। हाल ही में कियारा आडवाणी ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया, जिसमें उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिख रहा है।

**फैंस संग कियारा ने साझा की इंस्टाग्राम स्टोरी**

कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन एक छोटा सा वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें एक कैप्शन भी कियारा ने लिखा है। वह लिखती हैं- 'संडे ग्लो'। लेकिन यह संडे ग्लो से ज्यादा प्रेग्नेंसी ग्लो लग रहा है, जो कियारा के चेहरे पर नजर आ रहा है। वह वीडियो में काफी खुश दिख रही हैं।

**सिद्धार्थ-कियारा ने सोशल मीडिया पर सुनाई खुशखबरी**

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने माता-पिता बनने की जानकारी सोशल मीडिया पर ही दी। हाल ही में सिद्धार्थ ने एक इंटरव्यू में बच्चों की परवरिश से जुड़ी बातें कीं। वह पिता बनने को लेकर काफी खुश हैं। वह कियारा के साथ भी जब किसी पब्लिक इवेंट में नजर आते हैं तो उनका बहुत ध्यान रखते हैं।

**कियारा आडवाणी ने छोड़ दी 'डॉन 3'**




फिल्म 'डॉन 3' से कियारा आडवाणी रणवीर सिंह के साथ नजर आने वाली थीं। लेकिन अब वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कियारा आडवाणी ने प्रेग्नेंसी के कारण फिल्म 'डॉन 3' से किनारा कर लिया है। वह पूरा समय अपने प्रेग्नेंसी को देना चाहती हैं, खुद की सेहत पर ध्यान देना चाहती हैं।

## इस तारीख को रिलीज होगी जाह्नवी और वरुण की फिल्म; शूटिंग हुई पूरी



शशांक खेतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अदाकारी की है। यह फिल्म इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। होली के कुछ दिनों बाद, निर्माताओं ने रोमांटिक ड्रामा की रिलीज की तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 को बड़े पर्दे पर आएगी।

**आलिया की जगह लेने की थी अफवाहें**

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' शशांक खेतान की पिछली फिल्मों जैसे 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और इसके सीक्वल 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' की तर्ज पर एक रोमांटिक ड्रामा होगी। इससे पहले, जब टीम ने वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत एक रोमांटिक फिल्म का ऐलान किया था, तो अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेत्री आलिया भट्ट की जगह लेंगी। हालांकि, बाद में यह साफ किया गया कि यह फिल्म उस फ्रैंचाइज का हिस्सा नहीं है।

**पूरी हो चुकी है फिल्म की शूटिंग**

टीम ने पिछले साल सितंबर में उदयपुर में शूटिंग पूरी की थी। रिपोर्ट्स बताती हैं कि निर्माताओं ने पूरी शूटिंग पूरी कर ली है, और फिल्म अभी पोस्ट-प्रोडक्शन में है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल और अक्षय ओबेरॉय भी हैं।

## भयंकर तूफान ने मचाई तबाही, स्कूलों और घरों के उड़े परखच्चे; 32 लोगों की मौत



वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका के कई हिस्सों में आए भयंकर तूफान ने तबाही मचा दी है। कई राज्यों में स्कूल भी नष्ट हो गए हैं और अभी तक कम से कम 32 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी चलने से हाईवे पर हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने बताया, तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग लापता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने बताया, पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। इस बीच, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने जानकारी दी कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी चलने के कारण कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। देशभर में एक बड़े तूफानी सिस्टम ने तेज हवाएं चलाई हैं, जिस वजह से ये मौतें हुई हैं। 100 से अधिक जंगलों में आग लगने की भी खबर सामने आई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने शनिवार की सुबह से ही सुदूर पश्चिमी मिनेसोटा और सुदूर पूर्वी दक्षिण डकोटा के कुछ हिस्सों में बर्फानी तूफान की चेतावनी जारी की है। 3 से 6 इंच (7.6 से 15.2 सेंटीमीटर) तक बर्फ जमने की उम्मीद है। 60 मील प्रति घंटे की रफ़्तार से चलने वाली हवाओं के कारण बर्फ़बारी की स्थिति पैदा होने की आशंका है। शनिवार को भी बड़े बवंडर आए। केंद्र ने कहा कि सबसे ज़्यादा जोखिम वाले क्षेत्र पूर्वी लुइसियाना और मिसिसिपी से लेकर अलबामा, पश्चिमी जॉर्जिया और फ़्लोरिडा पैनहैंडल तक फैले हुए हैं।

## पाकिस्तान में पुलवामा जैसा हमला, बलूच आतंकियों ने सेना के काफिले को बनाया निशाना; 90 जवानों की मौत



बलूचिस्तान (ए.)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक बार फिर बड़ा आतंकी हमला हुआ है। बलूच आतंकवादियों ने नोश्की इलाके में सुरक्षाबलों के एक काफिले को निशाना बनाया, जिसमें सात बसों और दो कारों को शामिल बताया जा रहा है। इस हमले में वाहन जनित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भारत में हुए पुलवामा हमले की यादें ताजा हो गई हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 13 अन्य घायल हुए हैं। वहीं, प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया है कि उनके हमले में करीब 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बस को व्हीकल बॉर्न आईईडी से निशाना बनाया गया, जो संभवत: एक आत्मघाती हमला था। दूसरी बस, जो क्वेटा से ताफ्तान की ओर जा रही थी, उस पर रॉकेट से संचालित ग्रेनेड से हमला किया गया। हमले में घायल जवानों को तत्काल उपचार के लिए नोश्की और एफसी कैंप ले जाया गया है। नोश्की के स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) सुमालानी ने आशंका जताई है कि मृतकों और घायलों की संख्या में वृद्धि हो सकती है, क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हमले के तुरंत बाद, बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक बयान जारी कर इस हमले की पुष्टि की। BLA ने कहा कि उनके फिदायीन दस्ते 'मजीद ब्रिगेड' ने नोश्की में आरसीडी हाईवे पर रखशान मिल के पास पाकिस्तानी सेना के एक काफिले को VBIED से निशाना बनाया। BLA के मुताबिक, काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक विस्फोट में पूरी तरह से नष्ट हो गई।BLA ने आगे दावा किया कि उनके 'फतेह दस्ते' ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक और बस को घेर लिया और उसमें सवार सभी सैन्य कर्मियों को मार गिराया, जिससे दुश्मन के हताहतों की कुल संख्या लगभग 90 तक पहुंच गई। इस हमले ने क्षेत्र में पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति को और बढ़ा दिया है।

## मुंबई हमले का मास्टरमाइंड हाफिज सईद गोलीबारी में घायल, मोस्ट वांटेड आतंकी अबु कताल ढेर

### लश्कर को सबसे बड़ा झटका



इस्लामाबाद (ए.)। मुंबई में हुए 2008 के भीषण आतंकी हमले का सरगना हाफिज सईद शनिवार रात पाकिस्तान के झेलम में हुई एक गोलीबारी की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रावलपिंडी के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में सईद का भतीजा अबु कताल मारा गया है। प्रारंभिक मीडिया रिपोर्ट्स में हाफिज सईद के भी मारे जाने की खबरें आई थीं, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि वह जीवित है और गोली लगने से घायल है। बताया जा रहा है कि सईद पाकिस्तानी सेना के कोर कमांडर मंगला से मुलाकात के बाद लौट रहा था, तभी यह हमला हुआ। हाफिज सईद भारत का मोस्ट वांटेड आतंकवादी है और उसे 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। इस हमले में 160 से अधिक लोगों की जान गई थी। इसके अलावा, 2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों और 2001 में भारतीय संसद पर हुए हमले में भी उसकी संलिप्तता बताई जाती है। भारत ने कई बार पाकिस्तान से उसे सौंपने की मांग की है, लेकिन पाकिस्तान लगातार उसे आतंकवादी मानने से इनकार करता रहा है। उधर, एक अन्य घटना में झेलम में ही शनिवार रात अज्ञात हमलावरों ने हाफिज सईद के भतीजे नदीम उर्फ अबू कताल को गोली मारकर हत्या कर दी। अबू कताल जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए हालिया आतंकी हमले का कथित मास्टरमाइंड था, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई थी और 41 घायल हुए थे। वह राजौरी में हुए हमले में भी शामिल था, जो 1 जनवरी 2023 को हुआ था। अबू कताल आतंकी संगठन जमात उद-दावा का एक शीर्ष कमांडर था और जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों की योजना बनाने में उसकी अहम भूमिका रही थी। हमले में अबू कताल का एक साथी भी मारा गया है। वह 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था और भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल था।

## एफएए ने वाशिंगटन हवाई अड्डे के पास हेलीकॉप्टर यातायात पर स्थायी प्रतिबंध किया जारी

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की सिफारिशों के बाद रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास गैर-आवश्यक हेलीकॉप्टर संचालन पर स्थायी प्रतिबंध लगा रहा है और हेलीकॉप्टर और यात्री जेट मिश्रित यातायात को समाप्त कर रहा है। एफएए के नवीनतम नियम 29 जनवरी को हवाई अड्डे के निकट ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और यात्री जेट के बीच हुई घातक टक्कर के एक महीने बाद आए हैं, जिसमें 67 लोग मारे गए थे। एफएए ने एक बयान में कहा कि एफएए रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीसीए) के आसपास सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठा रहा है, जो एनटीएसबी की सिफारिशों का पालन करता है। इसने कहा कि एफएए रूट-4 को स्थायी रूप से बंद कर रहा है जो एक प्रमुख हेलीकॉप्टर मार्ग है, तथा जांच का नेतृत्व कर रहे एनटीएसबी की सिफारिश के अनुसार वैकल्पिक हेलीकॉप्टर मार्गों का मूल्यांकन कर रहा है। एफएए ने रनवे 15/33 और 4/22 के एक साथ उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है जब तत्काल मिशन के लिए हेलीकॉप्टर डीसीए के निकट उड़ान भर रहे हों। यह प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के बाहर कुछ तटरक्षक, समुद्री और पार्क पुलिस हेलीकॉप्टर संचालनों तक दृश्य पृथक्करण के उपयोग को भी सीमित कर रहा है। दृश्य पृथक्करण एक मानक प्रक्रिया है, जिसमें पायलट केवल रडार पृथक्करण पर निर्भर रहने के बजाय, अन्य विमानों को देखकर उनसे सुरक्षित दूरी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

## सभी 214 बंधक पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, ट्रेन हाइजैक करने वाले बलोच लिबरेशन आर्मी का सनसनीखेज दावा



इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। संगठन ने कहा है कि उसने अपने कब्जे में लिए गए सभी 214 बंधकों को मार डाला है। बीएलए के विद्रोहियों ने दावा किया है कि मारे गए सभी लोग पाकिस्तानी सेना के जवान थे। इस घटना को पाक सेना की हार बताते हुए बीएलए के प्रवक्ता ने कहा कि इन मौतों के लिए पाकिस्तान की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनसे बातचीत करने को तैयार नहीं थी और इन मौतों के बाद भी कोई संवाद स्थापित नहीं किया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को बलोच विद्रोहियों ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बोलन दर्रे के पास अगवा कर लिया था। इस ट्रेन में करीब 450 यात्री सवार थे। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने बचाव अभियान शुरू किया, जिसके दौरान बलोच विद्रोहियों के साथ मुठभेड़ हुई। बीएलए ने इस मुठभेड़ में अपने दो दर्जन से अधिक लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया था, जबकि पाकिस्तान ने 33 बीएलए लड़ाकों को मार गिराने की बात कही थी। पाकिस्तान सरकार ने बुधवार को ही दावा किया था कि संकट समाप्त हो गया है और सभी विद्रोही मारे गए हैं। सरकार ने यह भी कहा था कि सभी बंधकों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया है, हालांकि इस दावे का कोई प्रमाण पेश नहीं किया गया था। अब बीएलए ने पाकिस्तान सरकार के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि सरकार झूठ बोल रही है और उसे अपने जवानों की कोई परवाह नहीं है। बीएलए ने पहले कैदियों की अदला-बदली के लिए सरकार को 48 घंटे का समय दिया था। बीएलए ने कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध नियमों का पालन किया है। संगठन ने कहा कि पाकिस्तानी सेना अपने इतने जवानों की मौत के लिए खुद जिम्मेदार है, क्योंकि सरकार जवानों का इस्तेमाल शांति के बजाय युद्ध भड़काने के लिए करती है। बीएलए ने कहा कि पाकिस्तान को इस हरकत का खामियाजा अपने 214 जवानों की जान देकर भुगतना पड़ा है। बीएलए ने मारे गए लोगों को 'शहीद' बताते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में उनके 12 लड़ाकों ने जान गंवाई है, जिनमें बुधवार रात तीन, पिछली रात चार और मजीद ब्रिगेड के पांच फिदायीन शामिल हैं। संगठन ने कहा कि पाकिस्तान इस हार को हमेशा याद रखेगा। घटना का विवरण देते हुए बीएलए ने बताया कि यह ऑपरेशन 'दार-ए-बोलान' था। संगठन ने दावा किया कि फिदायीनों ने पाकिस्तानी सेना को अपने जाल में फंसा लिया था। कुछ बंधकों को स्पेशल कोच में बंद कर दिया गया था, जबकि अन्य को दूसरी जगह ले जाया गया था। जब एसएसजी कमांडो की जरार कंपनी उन्हें बचाने पहुंची, तो लड़ाकों और जवानों के बीच कई घंटों तक भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें कई जवानों की जान चली गई। बीएलए ने कहा कि उनके फिदायीन आखिरी गोली तक लड़े और पाक सेना को भारी नुकसान पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने खुद को गोली मार ली।

## हूती विद्रोहियों के खिलाफ ट्रंप ने कसा शिकंजा, अमेरिका ने यमन में की एयर स्ट्राइक; 24 की मौत



वाशिंगटन (ए.)। यमन में हूती विद्रोहियों पर अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर एयर स्ट्राइक की। इसमें यमन के 24 लोगों की मौत हो गई। बता दें, हूती विद्रोही के समूह ने लाल सागर के शिपिंग के खिलाफ़ हमले किए थे। अमेरिका ने चेतावनी दी कि अगर हूतियों ने अपना अभियान नहीं खत्म किया तो नरक की बारिश होगी। ट्रंप ने हूतियों के मुख्य समर्थक ईरान को भी चेतावनी दी है कि उसे हूतियों को समर्थन तुरंत बंद कर देना चाहिए। ट्रंप ने ईरान मुखातिब होते हुए कहा, अगर संयुक्त राज्य अमेरिका को धमकी दी, तो अमेरिका आपको पूरी तरह से जवाबदेह ठहराएगा और हम इसका अच्छे से जवाब देंगे।यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 15 मार्च को, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए यमन में ईरान समर्थित हूती ठिकानों के खिलाफ सटीक हमलों सहित कई ऑपरेशन शुरू किए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सना के निवासियों ने बताया कि हमले में हूती विद्रोही समूह के गढ़ में एक इमारत को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों ने नवंबर 2023 से शिपिंग को निशाना बनाते हुए 100 से ज़्यादा हमले किए हैं। उनका कहना है कि वे गाजा में हमास के साथ इजरायल के युद्ध को लेकर फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में हैं।



## हरमनप्रीत की पारी हमारे लिए निर्णायक साबित हुई : एमआई कोच एडवर्ड्स




मुंबई (ए.)। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ रनों से हराया। इस जीत के बाद एमआई की मुख्य कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की 66 रनों की शानदार पारी को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। मुकाबले में हरमनप्रीत ने घुटने की परेशानी के बावजूद बेहतरीन शॉट खेले और शानदार 66 रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। हालांकि एमआई की शुरुआत धीमी रही और पहले छह ओवर में सिर्फ 20 रन बने, लेकिन इसके बाद टीम ने संभलकर 149/7 का स्कोर खड़ा किया। एमआई के गेंदबाजों ने इस लक्ष्य को बचाने में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नैट साइवर ब्रंट ने तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141/9 तक सीमित कर दिया। शार्लेट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, हम जानते थे कि इस मैदान पर पहले छह ओवरों में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा, लेकिन बाद में हम वापसी कर सकते हैं। उन्होंने हरमनप्रीत की पारी की तारीफ करते हुए कहा, जब वह अपनी बेहतरीन लय में होती हैं, तो वह दुनिया की सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बन जाती हैं। निश्चित तौर पर वह दूसरा खिताब जीतना चाहती थीं और उसके लिए उन्होंने अपने पारी में वह सब कुछ किया। इस मैदान पर पहले छह ओवर मुश्किल होते हैं, तो मुझे लगता है हरमनप्रीत ने हालातों को बहुत अच्छे से समझा। वह जानती थीं किस गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक होना है और यह एक निर्णायक पारी थी जिसने हमें गेम में आगे कर दिया।

डीसी के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने भी हरमनप्रीत की इस पारी को सराहा और कहा कि उन्होंने एमआई को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हरमनप्रीत ने जोखिम उठाए और उन्हें अपने खेल पर पूरा भरोसा था, इसलिए वह सफल रहीं।

## भारत के खराडी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, मस्क ने साझा किया वीडियो

सूरत (ए.)। भारत के विस्पी खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को सबसे ज्यादा समय तक पकड़ने का नया विश्व रिकार्ड बनाया है। खराडी ने 2 मिनट और 10.75 सेकंड तक विशाल पिलर को थामे रखकर सभी को हैरान कर दिया। इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ है। ये खंभे 123 इंच ऊंचे थे और इनका व्यास 20.5 इंच था। 166.7 किलोग्राम और 168.9 किलोग्राम वजन वाले इन खंभों को पकड़कर खराडी ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिये। उनकी इस उपलब्धि को टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने भी सोशल मीडिया में साझा किया है। खराडी ने इसके बाद सोशल मीडिया में खुशी जताते हुए लिखा कि मस्क ने उनके प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया है जिससे उन्हें बेहद खुशी हुई।

## आईपीएल 2025: इम्पैक्ट प्लेयर नियम से बदलेगी टीमें, रणनीतियों में होगा बड़ा बदलाव




नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, और इस बार भी इम्पैक्ट प्लेयर नियम सुर्खियों में रहने वाला है। आईपीएल 2023 में पहली बार लागू किए गए इस नियम ने टीमों को एक नई रणनीतिक बढ़त दी थी, जिससे मैच के दौरान किसी भी खिलाड़ी को बदला जा सकता है। इस नियम ने न सिर्फ टीमों के संतुलन को बदला बल्कि कप्तानों को नई रणनीतियां बनाने पर मजबूर कर दिया। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत, टॉस के बाद हर टीम प्लेइंग इलेवन के अलावा पांच और खिलाड़ियों के नाम देती है। मैच के दौरान इनमें से कोई भी एक खिलाड़ी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में किसी भी खिलाड़ी की जगह ले सकता है। यह नियम पहले से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में लागू हो चुका था, लेकिन आईपीएल में इसे पहली बार 2023 में आजमाया गया था। इस नियम से कप्तानों को यह लाभ मिला कि वे टॉस के बाद भी अपनी टीम की रणनीति को मैच की परिस्थितियों के अनुसार बदल सकते हैं। इस नियम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि टॉस का प्रभाव कम हो जाता है। कप्तानों को टॉस के समय टीम शीट देने की जरूरत नहीं होती, जिससे वे मैच की परिस्थिति के अनुसार रणनीति बना सकते हैं। हालांकि, इस नियम के कुछ सीमित उपयोग भी हैं। टीमें इस नियम का उपयोग विदेशी खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने के लिए नहीं कर सकतीं। अगर मैदान पर पहले से ही चार विदेशी खिलाड़ी खेल रहे हैं, तो इम्पैक्ट प्लेयर सिर्फ भारतीय खिलाड़ी ही हो सकता है। लेकिन अगर किसी टीम ने अपने प्लेइंग इलेवन में चार से कम विदेशी खिलाड़ी उतारे हैं, तो वे एक विदेशी खिलाड़ी को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

## अंबाती रायडू ने चुनी मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन, सिर्फ 3 विदेशी खिलाड़ियों को किया शामिल



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव किया है। रायडू ने मुंबई की प्लेइंग इलेवन में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही चुना है उन्हें भरोसा है कि बाकी 8 भारतीय खिलाड़ी इस टीम की नैय्या पार लगा सकते हैं। रायडू ने अपनी प्लेइंग इलेवन के बारे में बताया। मुंबई के ओपनर्स के रूप में रायडू ने रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन को चुना है। जबकि नंबर तीन, चार और पांच के लिए उन्होंने तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को चुना है। नंबर 6 पर उन्होंने युवा नमन धीर पर भरोसा जताया है जबकि नंबर सात के लिए उनकी पसंद न्यूजीलैंड के लिमिटेड ओवर्स कप्तान मिचेल सैंटनर हैं। इसके बाद उन्होंने तीन तेज़ गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को चुना है। जबकि 11वें प्लेयर और इम्पैक्ट प्लेयर के लिए उन्होंने कंडीशंस के हिसाब से प्लेयर का चुनाव करने की सलाह दी। खैर, ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई की टीम मैनेजमेंट भी रायडू द्वारा चुनी गई प्लेइंग इलेवन के साथ जाती है या वो कुछ अन्य प्लेयर्स पर भरोसा जताते हैं। इससे पहले रायडू ने चेन्नई सुपर किंग्स की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव भी किया। आपको बता दें कि उन्होंने सीएसके की इलेवन में 5 ऑलराउंडर और दो विकेटकीपर शामिल किए हैं जिसमें 43 वर्षीय थ्रस्य के स्टार और अनुभवी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी भी शामिल हैं। दरअसल, अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए सीएसके की संभावित प्लेइंग इलेवन चुनाव किया। यहां उन्होंने ओपनर के तौर पर सबसे पहले कैप्टन ऋतुराज गायकवाड़ और फिर विकेटकीपर बैटर डेवोन कॉनवे को चुना। इसके बाद नंबर-3 के लिए उन्होंने एक और कीवी खिलाड़ी रचिन रविंद्र को जगह दी, जो कि बॉलिंग करके भी सीएसके के लिए योगदान कर सकते हैं।

## शमी-बुमराह को फिटनेस दिलाने वाले नितिन पटेल ने लिया पद छोड़ने का फैसला



नई दिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की स्पोर्ट्स साइंस विंग में बड़ा बदलाव होने वाला है, क्योंकि इसके प्रमुख नितिन पटेल ने इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। वह इस माह के आखिर तक ही अपनी सेवाएं देंगे। पटेल भारतीय क्रिकेट टीम और मुंबई इंडियंस के फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में भी काम कर चुके हैं। अब बीसीसीआई जल्द ही उनके स्थान पर नए फिजियो की तलाश शुरु करेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक नितिन पटेल फिलहाल अपना नोटिस पीरियड पूरा कर रहे हैं। उनका कार्यकाल अप्रैल 2022 में शुरू हुआ था, जो अब खत्म होने वाला है। इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम के कई दिग्गज खिलाड़ियों की फिटनेस, वर्कलोड मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभाली। नितिन पटेल ने मोहम्मद शमी की वापसी में अहम भूमिका निभाई थी। लंबे समय तक चोटिल रहने के बाद शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर भारत को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा पटेल वर्तमान में जसप्रीत बुमराह के रिहैब का भी नेतृत्व कर रहे हैं, जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी देखरेख में श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह ने 2023 वनडे विश्व कप से पहले फिटनेस हासिल की थी। इस विश्व कप में भारत ने फाइनल तक का सफर तय किया था, जहां श्रेयस अय्यर ने 530 रन बनाए थे और बुमराह ने 20 विकेट लिए थे। पटेल के इस्तीफा देने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपने कागजात जमा कर दिए हैं।

## आईपीएल 2025ः सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने को तैयार नीतीश रेड्डी

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए खेलने को पूरी तरह तैयार हैं। साइड स्ट्रेन की समस्या के कारण जनवरी से बाहर चल रहे नीतीश ने अब अपना फिटनेस टेस्ट पास कर लिया हैं और बीसीसीआई फिजियो ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। 21 वर्षीय नीतीश रेड्डी ने आखिरी बार 22 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ ईडन गार्डन्स में पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। हालांकि, उन्हें बल्लेबाजी या गेंदबाजी का मौका नहीं मिला। इसके बाद, चेन्नई में दूसरे टी20 मैच से पहले नेट्स में अभ्यास के दौरान उनकी चोट बढ़ गई, जिसके कारण उन्हें पूरी पांच मैचों की सीरीज से बाहर होना पड़ा।

## मुझे नहीं लगता कि दिल्ली की टीम पर कोई मानसिक अवरोध है : डीसी कोच बैटी



नई दिल्ली (ए.)। ब्रेबोर्न स्टेडियम में 2025 के फाइनल में मुंबई इंडियंस से आठ रन से हारने के बाद लगातार तीसरी बार दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उपविजेता रही। लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद खिताबी मुकाबले में एक और दिल टूटने के बाद मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने अपनी टीम का बचाव करते हुए मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम में मानसिक अवरोध की बातों को खारिज कर दिया। बैटी ने कहा, लड़कियां वास्तव में सकारात्मक रही हैं, मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। कोई भी नकारात्मक बात नहीं हुई जैसे कि ओह हमने पिछले दो फाइनल में गड़बड़ कर दी है, हम इस बार भी यही बोझ उठाने जा रहे हैं, ऐसा कुछ भी नहीं। मुझे लगा कि वे वास्तव में सकारात्मक थीं, वास्तव में आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। लड़कियां शानदार रही हैं, उन्होंने शानदार प्रशिक्षण लिया है। मुझे नहीं लगता कि यह बिल्कुल भी मानसिक अवरोध है। आप देखें कि हमने पहले हाफ में गेंद और फील्डिंग के साथ कैसा प्रदर्शन किया और उन्हें उस विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। आप देखें कि पूरे सप्ताह में क्या हुआ, एलिमिनेटर और यहां के अन्य मैचों में, हम उम्मीद कर रहे थे कि शायद 180 के बराबर स्कोर होगा, इसलिए हम इससे वास्तव में प्रसन्न थे। बैटी ने कहा, खिलाड़ी इसके लिए तैयार थे, वे ठीक थे और मुझे लगता है कि किसी भी तरह की मानसिक रुकावट नहीं थी। लेकिन इसका पूरा श्रेय विपक्ष को जाता है, उन्होंने हमें मात दी और वे मैच जीतने के हकदार थे। 150 रनों का पीछा करते हुए, आप उम्मीद करते हैं कि बल्लेबाजी इकाई सकारात्मक, आक्रामक क्रिकेट खेलेगी, और आपको दस में से नौ बार उस मैच को जीतना चाहिए – मुझे लगता है कि उस विकेट पर 180 रन का स्कोर बराबर था। मुंबई इंडियंस को पूरा श्रेय जाता है, उन्होंने हमें कभी भी रन रेट से आगे नहीं बढ़ने दिया।

## 20 साल बाद फिर आई लव यू का प्लेकार्ड पकड़े पहुंची प्रशंसक को देखकर हैरान हुए जहीर

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान के संन्यास लिए हुए काफी समय हो गया पर अभी भी उनके प्रशंसकों की तादाद काफी अधिक है। जहीर आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कोच बनाये गये है। इसी कारण वह लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कैंप पहुंचे थे। जहीर जब होटल पहुंचे तो प्रशंसकों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनके कई प्रशंसक भी साथ में नजर आये। इन्हीं में एक ऐसी भी प्रशंसक थी जो आई लव यू लिखा हुआ एक प्लेकार्ड पकड़े हुए थी। जब जहीर को बताया गया कि ये वहीं लड़की थी जोकि 20 साल पहले भारत और पाकिस्तान टेस्ट के दौरान इसी तरह का प्लेकार्ड पकड़े हुए थी तो वह हैरत में पड़ गये। स्वागत वीडियो में, जहीर प्लेकार्ड को देखकर बेहद खुश नजर आये। जहीर को गौतम गंभीर की जगह पर सुपर जायंट्स के कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। वह युवा गेंदबाजी लाइनअप के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें उनकी कमियों को दूर करने की सलाह देंगे। जहीर ने कहा कि लखनऊ आईपीएल में अपेक्षाकृत नई फ्रेंचाइजी है पर इसकी नींव मजबूत है। उन्होंने साथ ही कहा कि इस टीम ने काफी प्रगति की है। प्लेऑफ में पहुंचने की निरंतरता से ये साबित होता है। इससे मेरा भी मनोबल टीम को लेकर बढ़ा हुआ है। अब मैं फ्रेंचाइजी की सफलता में योगदान देने तैयार हूं।

# गेहूं जलने से प्रभावित हुए किसानों को दिलाएंगे पर्याप्त मुआवजा : विधायक राय

## >>> भाजपा सरकार हर सुख दुख में हैं पीड़ित किसानों के साथ : राय

सीहोर(ए.)। अग्निकांड ने किसानों को तोड़ कर रख दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है किसानों के सुख-दुख में मध्य प्रदेश सरकार और हम भी व्यक्तिगत रूप से किसान भाइयों के साथ खड़े हुए हैं। अग्नि पीड़ित किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सरकार से उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिलाया जाएगा उक्त बात सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय ने ग्राम पाटन और तकिया के अग्नि पीड़ित किसानों को मदद का भरोसा दिलाते हुए कही।



खेतों पर हुए अग्निकांड में जली हुई गेहूं की फसल का निरीक्षण करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि किसान भाइयों के द्वारा गेहूं की फसल के लिए 6 माह से कड़ी मेहनत की गई है तेज सर्दी में खेतों में खड़े हो कर पलेवा किया गया। खाद बीज डाला गया लेकिन अब प्राकृतिक या फिर मानवीय गलती के कारण पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है सूखकर तैयार हुई गेहूं की फसल जलकर राख के देर में बदल गई है यहां बहुत ही दुख का समय है।

विधायक सदेश राय ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा किसानों के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त कर रहे हैं ।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि अग्निकांड से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ या प्रति हेक्टेयर गेहूं के जलने के हुए नुकसान सहित कृषि उपयोगी पाइप, भूसा चारा एवं अन्य सामान का भी पर्याप्त मुआवजा सरकार से दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित किसानों को आर्थिक तंगी से बाहर निकल जाएगा और बैंक की कृषि से संबंधित लोन मैं भी राहत उपलब्ध कराई जाएगी।


अग्निकांड की जानकारी लगते ही विधायक सुदेश राय तत्काल शनिवार को श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम पाटन और तकिया में करीब 10 किसानों के खेतों तक पहुंचे और नुकसान को लेकर किसानों से चर्चा की। इस दौरान फसल जलने से पीड़ित कुछ किसानों की आंखों में आंसू भी आ गए विधायक सुदेश राय ने किसानों आंसू पोछे और पर्याप्त मदद दिलाने का भरोसा दिया।

उल्लेखनीय की सीहोर विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण अंचलों में गेहूं की फसल की कटाई किसानों के द्वारा की जा रही है।

फसल की निकलवाई हार्वेस्टर और थ्रेसर के माध्यम से कराई जाती हैं। अधिकांश किसानों की गेहूं की फसल देरी से बावनी के चलते सूखने के लिए खेतों में ही खड़ी हुई है जरा सी चूक होने पर गेहूं की फसल में आग लग जाती है और किसानों को भारी भरकम नुकसान हो जाता है। विधायक सुदेश राय बीते वर्ष अग्नि पीड़ित किसानों के मध्य पहुंचे थे और उन्होंने सरकार से किसानों को पर्याप्त मात्रा में मुआवजा राशि दिलाई थी।

>>> रुकमणी मंगल की एक दिवसीय कथा का आयोजन

## आत्मा से परामात्मा का मिलन ही रुकमणी मंगल : पंडित प्रदीप मिश्रा



सीहोर(निप्र)। बेटी का विवाह योग्य वर से होना चाहिए, बेटी के विवाह में धन नहीं परिवार का प्रेम और स्नेह की आवश्यकता है। रुकमणी मंगल का यह प्रसंग कहता है कि बेटी जहां आत्मा से सुखी रहे उसका विवाह उस परिवार में होना चाहिए। आत्मा से परामात्मा का मिलन ही रुकमणी मंगल है। उक्त विचार एक दिवसीय कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने मंगल में बताया कि सत्संग के प्रभाव बचपन से पड़ने लगता है। जिस तरह से माता रुकमणी अपने पिता की गोद से ही संस्कार और सत्संग का प्रभाव से प्रभावित थी। राजा विदर्भ नरेश भीषम के यहां पर माता रुकमणी के जन्म के बाद ही पूरा राज्य में मंगल हो गया था। देवी रुक्मिणी का जन्म हुआ था, जो विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री थी। रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधर, श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण है। लेकिन रूकिमणी का भाई रूक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। अंतत श्री कृष्ण ने रूक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया। पंडित श्री मिश्रा ने गोपी गीत, महारास, रुक्मिणी मंगल विवाह एवं प्रेम योग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए महारास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महारास का अर्थ जीव से जीव का मिलन नहीं अपितु ब्रह्म से जीव के मिलन को महारास कहा गया है। रुक्मिणी मंगल कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इसका श्रवण करता है, उसके घर में कलह-क्लेश की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं और परिवार मंगलमय जीवन व्यतीत करता है।




भोपाल। सिंधी मेला उत्सव समिति के होली मिलन समारोह में दक्षिण पश्चिम विधायक भगवान दास सबनानी ने भाग लिया।

## अग्निकांड हानिकारक, किसानों की आर्थिक व्यवस्था हो जाती है चौपट : महाजन

सीहोर(निप्र)। फसल अग्निकांड किसानों के लिए हानिकारक साबित होता है। किसानों की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो जाती है इस दुख की घड़ी में हम और हमारी पूरी सरकार किसानों के साथ है। किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है ।अन्नदाता किसानों की हर तरह से मदद कराई जाएगी उक्त बात वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने फसल आगजनी को लेकर दुख व्यक्त करते हुए कही।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के साथ श्यामपुर सीहोर तहसील के गांव में हुए अग्निकांड से प्रभावित किसानों के खेतों पर पहुंचे भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने नुकसान का निरीक्षण कर बताया कि प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 32 हजार रुपए का मुआवजा और अग्निकांड में जले कृषि यंत्रों का भी अलग से मुआवजा दिलाया जाएगा। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मौके पर राजस्व अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं जल्दी ही किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## सीएम राइज मनुबेन स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ

सीहोर(निप्र)। सीहोर स्थित शासकीय सीएम राइज मनुबेन स्कूल में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 16 मार्च 2025 प्रारंभ हो जाएंगे, जिसकी अंतिम तिथी 27 मार्च है। प्राचार्य दीपसिंह राठौर ने बताया कि कक्षा पहली के लिए हिन्दी माध्यम में 40 सीटे रिक्त हैं।

विद्यार्थी https://osms.mponline.gov.in/Portal/SMS/Home/CitizenHome.asp&?ReqSchId=EQah~stwXmwyDTzcYwUZ-FA== लिंक पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं। अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा।



भोपाल। 1100 क्वार्टर चित्रगुप्त मंदिर में कलम दावत की पूजा हुई ।

## 19 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित




सीहोर,(निप्र)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने जिले में होली पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 19 मार्च 2025 को शाम 05 बजे तक रंगपंचमी पर्व के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में सीहोर जिले की सभी 71 कम्पोजिट मदिरा दुकान, एफ एल-3 होटल बार, गोदाम तथा जिले के देशी मद्य भाण्डागार शाम 5.00 बजे तक बंद रहेंगे।

## चना, मसूर पंजीयन की अंतिम तिथि 17 मार्च

सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अन्तर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर की पंजीयन की अंतिम तिथी 17 मार्च है। पहले पंजीयन की अंतिम तिथी 10 मार्च निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 17 मार्च कर दिया गया था।

जिन किसानों ने चना एवं मसूर की बुवाई की हो वह अपना पंजीयन शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन समय के अनुसार निर्धारित लिंक में जाकर स्वयं के मोबाईल, कम्प्यूटर, पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी केन्द्र अथवा एम.पी. ऑनलाइन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र पर जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए किसानों को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है।

## मूंग फसल में पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट का छिड़काव न करें किसान

### पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट के उपयोग के हैं अनेकों दुष्परिणाम



सीहोर(निप्र)। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों को सलाह दी गई है कि ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पर पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट (सफाया) का उपयोग न करें तथा कम से कम पेस्टीसाइडस का छिडकाव करें। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केके पांडे ने बताया कि ग्लाइफोसेट एक शाकनाशी है। साधारण तौर पर इसका उपयोग सकरी एव चौड़ी पत्तियों वाले पौधों को मारने के लिए किया जाता है। यह देखा गया है कि सीहोर जिले के ज्यादातर कृषक ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की कटाई हारवेस्टर द्वारा कराते हैं तथा हारवेस्टर से कटाने के लिए फसल को जल्द सुखाया जा सके इसके लिए पैराक्वाट एवं ग्लाइफोसेट का अंधाधुंध उपयोग करते है। इससे मानव ही नही बल्कि अन्य जीवों जैसे पशु-पक्षियों, मछलियों आदि के तंत्रिका तंत्र की संरचना और उनकी कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। ग्लाइफोसेट पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक अमीनो एसिड के उत्पादन को अवरूद्ध करके उन्हें नष्ट कर देता है। ग्लाइफोसेट मिट्टी और पानी में मौजूद रह सकता है और यह कृषि के लिए लाभदायक कुछ सूक्ष्मजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके उपयोग से पाचन, श्वसन, तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। इसके साथ ही यह आंखों के लिए नुकसानदायक है। इसके संपर्क में आने से आंख, त्वचा, नाक एवं गले में जलन और अस्थमा हो सकता हैं। यदि इसे निगल लिया जाए तो गले मे जलन, दर्द, मितली हो सकते है।

## सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल



सीहोर (निप्र)। सीहोर सहित विभिन्न जिलों के युवाओं की सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन 12 मार्च 2025 से प्रारंभ हो गए है। जिसकी अंतिम तिथी 10 अप्रैल 2025 है। जिले के युवा इसमें अग्निवीर (पुरुष) की जनरल तकनीकी, क्लर्क य अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं पास), ट्रेड्समैन (दसवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) नर्सिंग असिस्टेंट, वेट सिपाही फार्मा हवलदार एजुकेशन, धर्मगुरु कैटरिंग जेसीओ हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर के पदो के लिए कि लिए आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन परिक्षा जून महीने में होने कि संभावना है। किसी भी स्पष्टीकरण या सहायता के लिए सेना भर्ती कार्यालय, नारियल खेडा भोपाल मे उपस्थित होकर या दूरभाष संख्या 07552540954, 9039018588 पर संपर्क किया जा सकता है। सभी उम्मीदवार को यह सूचित किया गया है कि पंजीयन के दौरान जिस ई-मेल आईडी एंव मोबाइल नम्बर का विवरण दिया है उसे अपने पास एक साल तक सुरक्षित रखे जिससे भर्ती संबधित सूचना उन्हें आसानी से मिल सके। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालो से सावधान रहे।

## पीपीसीए ने डीसीए को 54 रन से हराया

### आदर्श ने खेली 43 गेंद पर 69 रन की विस्फोटक पारी




सीहोर(निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर रविवार को पीपीसीए अकादमी और डीसीए के मध्य एक तरफा मुकाबला खेला गया। इस मैच में शहर के उभरते हुए विस्फोटक बल्लेबाज आदर्श राय ने 43 गेंद पर 10 चौके और 2 छक्कों की मदद से 69 रन की पारी की बदौलत पीपीसीए अकादमी ने डीसीए की दिग्गज टीम को 54 रन से हराया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 209 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें सलामी बल्लेबाज सेमसन ने 19 गेंद पर 15 रन, आदर्श राय ने 43 गेंद पर 69 रन, विकास सास्तय 19 गेंद पर 35 रन, नरेन्द्र गहलोत ने 12 गेंद पर 13 रन, आदित्य अग्रवाल ने 14 गेंद पर 22 रन, वीर गावा ने 7 गेंद पर 21 रन बनाए थे। इधर डीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए नगेन्द्र व्यास ने 2 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट, अभिषेक परसाई ने 2 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट, निर्भय प्रजापति ने 2 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट, हेमंत चौरसिया ने 4 ओवर में 42 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 रन ही बना सकी। इसमें हितेश ने 18 रन, हेमंत केसरिया ने 29 रन, उर्स भारती ने 23 रन, सुनील जलोदिया ने 21 रन और वरुण शर्मा ने शानदार 19 गेंद पर 33 रन की पारी खेली। इसके अलावा पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए विकास शिंदे ने 4 ओवर में 21 रन देकर 1 विकेट, सहज ने 2 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट, केशवदित्य गोहिया ने 2 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट, सेमसन ने 3 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट और नैतिक गोहिया ने 3 ओवर में मात्र 14 रन देकर 3 विकेट हासिल किए थे।

## बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 20 मार्च से प्रारंभ

सीहोर(निप्र)। ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी।

ऊर्जा विभाग में भर्ती के लिए नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लॉ असिस्टेंट, असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के लिए परीक्षा 20 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे, स्टोर असिस्टेंट, ड्रेसर, फायर मैन, जूनियर स्टेनोग्राफर, सिक्योरिटी गार्ड के लिए दोपहर 1 से 3 और जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल प्लांट के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ऑफिस असिस्टेंट ग्रेड 3 के लिए 21 मार्च को तीन सत्रों में सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक, जूनियर इंजीनियर सिविल के लिए 22 मार्च सुबह 9 से 11, प्लांट असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल दोपहर 1 से 3, प्लांट असिस्टेंट मैकेनिकल शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी।

## शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 23 मार्च को

सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 23 मार्च 2025 को प्रात: 10 बजे 01 बजे तक सीहोर के इंदौर भोपाल रोड स्थित कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी। सीहोर जिले के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र कन्या शिक्षा परिसर निर्धारित किया गया है।

### एमपी टास पोर्टल 20 मार्च तक खोला गया है, पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए कर सकते हैं आवेदन

सीहोर(निप्र)। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2023-24 अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए 20 मार्च 2025 तक एमपीटास पोर्टल खोला गया है। जिले की सभी संस्थाओं को अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं।




भोपाल। 1100 क्वार्टर चित्रगुप्त मंदिर में भाई दूज पर भाई को तिलक लगाती बहन।

## प्रदेश के नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिये महत्वपूर्ण निर्णय

### 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के गठन की कार्यवाही

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेशकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिये महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। राज्य में 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) की कार्यवाही नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा की जा रही है। पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार को मिलाकर विकसित करने की कार्यवाही चल रही है। इसी प्रकार दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर विकसित करने की कार्यवाही चल रही है। इनके गठन से मध्यप्रदेश को एक आर्थिक विकास केन्द्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

**क्षेत्रीय आर्थिक विकास केन्द्र**

केन्द्र सरकार के विजन के अनुरूप, राज्य के प्रमुख संभाग मुख्यालय ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर, नर्मदापुरम और शहडोल को क्षेत्रीय आर्थिक विकास केन्द्र (रीजनल इकॉनामिक ग्रोथ हब) के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार का यह प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ रोजगार, व्यापार और निवेश के नये अवसरों को भी बढ़ावा देगा।

**टीडीआर पोर्टल**

प्रदेश की नगरीय क्षेत्र की भूमि बहुमूल्य संसाधन है, जिसका सुव्यवस्थित उपयोग शहरी विकास के लिये अति आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए टीडीआर (ट्रांसफर ऑफ डेवलपमेंट राइट्स) नियम बनाये गये हैं। इन नियमों के क्रियान्वयन के लिये ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। ऑनलाइन प्रक्रिया के लिये टीडीआर पोर्टल तैयार किया गया है। यह पोर्टल भवन निर्माताओं और सम्पत्ति मालिकों को विकास अधिकारों के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है। इससे उन्हें मुआवजे के रूप में अतिरिक्त निर्माण क्षमता प्राप्त होती है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com